हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 163, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 13 दिसम्बर, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## 2014 के पहले योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर दिया जाता था : योगी

### पिछले साढ़े नौ वर्षों में गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2014 के पहले योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर दिया जाता था। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद पिछले साढ़े नौ वर्षों में गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। योगी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर वर्चुअल माध्यम से संवाद कर रहे थे। उन्होंने यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की। कहा कि यह यात्रा गरीबों को सरकारी योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमें आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों को आत्मसात कर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने देश और प्रदेश को जाति के नाम पर बांट कर विकास को बाधित किया था, हम इस बैरियर को हटा रहे हैं। योगी ने कहा कि विकसित भारत



संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश में प्रतिदिन 1072 कार्यक्रम आयोजित होने हैं। यात्रा का उद्देश्य लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और योजनाओं से वंचित लोगों को उनका लाभ दिलाना है। यात्रा के अंतर्गत वीडियो वैन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लेकर गांवों और नगरों में पहुंच रही हैं। यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए उन्होंने लोगों से वीडियो वैन के आगमन पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर स्थानीय वाद्य यंत्रों के माध्यम से उसका स्वागत करने का आह्वान किया। कहा कि ऐसे प्रत्येक कार्यक्रम में 1500 से 2000 लोग उपस्थित होने चाहिए। इनमें योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या 500 से 700 तक होनी चाहिए। इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभार्थी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिये अपने अनुभवों को साझा करें।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों के सत्यापन में तेजी ला रही योगी सरकार

लखनऊ। देश के कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना पर उत्तर प्रदेश में तेज गति से काम किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों का पोर्टल पर पंजीकरण और उसके सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर प्रत्येक नगरीय निकाय में जल्द से जल्द लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रथम चरण का सत्यापन कराने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों का त्रिस्तरीय सत्यापन कराने का प्रावधान है। इसका प्रथम स्तरीय सत्यापन नगरीय निकायों द्वारा किया जाना है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद सभी चयनित विश्वकर्मा की ट्रेनिंग शुरू होगी और उन्हें ई वाउचर के रूप में टूलकिट की खरीद के लिए 15 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बैंक के माध्यम से उन्हें लोन दिलाने के लिए कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि ग्रामीण और शहरी निकायों के सत्यापन की अलग-अलग व्यवस्था है। ग्रामीण में ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग को सत्यापन का जिम्मा मिला है तो शहरी क्षेत्रों में प्रथम स्तरीय सत्यापन अधिशासी अधिकारी (ईओ) कर रहे हैं।

### 'भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएं मुद्दा', सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद चीन का बयान जारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 370 के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कश्मीर मुद्दे पर चीन ने अपनी राय रखी है। चीन का मानना है कि भारत और पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे को बातचीत और परामर्श के जरिए सुलझाना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि कश्मीर मुद्दे पर चीन की स्थिति स्पष्ट है। देश के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायधीशों की पीठ ने 11 दिसंबर को अनुच्छेद 370 पर फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को वैध ठहराया है। अदालत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिया जाए। साथ ही नए परिसीमन के आधार पर जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव करवाएं जाएं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कश्मीर मुद्दों पर कहा, 'यह भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत पुराना विवाद है। इसे यूएन चार्टर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'दोनों पक्षों को बातचीत और परामर्श के जरिए विवाद को सुलझाकर क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करनी चाहिए।'

## अमित शाह ने आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों बिल वापस लिए, लोकसभा में पेश किए नए मसौदा विधेयक

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयकों को वापस ले लिया। उन्होंने लोकसभा में एक संसदीय समिति की सिफारिशों को शामिल करते हुए मसौदा विधेयकों का एक नया सेट पेश किया। उन्होंने कहा कि गृह मामलों की संसदीय समिति की सिफारिशों को शामिल करने के लिए कई आधिकारिक संशोधन लाने के बजाय सरकार ने बदलावों को शामिल करते हुए नए विधेयक लाने का फैसला किया। शाह ने विपक्षी सदस्यों को बताया कि इन विधेयकों पर चर्चा गुरुवार को होगी और मतदान शुक्रवार को होगा। विपक्षी सदस्यों ने तीनों विधेयकों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय की मांग की। इस पर गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने इसीलिए मंगलवार को विधेयक पेश किए हैं, ताकि सदस्यों को मसौदा कानूनों का अध्ययन करने के लिए 48 घंटे का समय मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से पांच खंडों में बदलाव किया गया है और अधिकांश बदलाव व्याकरण और भाषा से जुड़ा हैं। भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय सक्षम अधिनियम विधेयक दंड प्रक्रिया संहिता अधिनियम, 1898; भारतीय दंड



संहिता, 1860 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने का प्रयास करते हैं। शाह ने तीनों विधेयकों को संयुक्त समिति के पास भेजने के सुझावों को भी खारिज किया और कहा कि स्थायी समिति ने कई सिफारिशें की हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि तीनों विधेयकों पर चर्चा के लिए कुल 12 घंटे का समय दिया गया है।

### मणिपुर को दहलाने की कोशिश नाकाम, तेंगनौपाल जिले में भारी मात्रा में संदिग्ध आईईडी बरामद

इंफाल। मणिपुर में विद्रोही गुटों द्वारा मणिपुर को दहलाने की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने मंगलवार को विफल कर दिया। सुरक्षाबलों ने तेंगनौपाल जिले में सेनम और बोंगयांग के बीच भारी मात्रा में छिपाए गए संदिग्ध आईईडी की बरामदग की है। तेंगनौपाल थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत सुरक्षाबलों के अधिकारियों को घटनास्थल की ओर भेजा गया। पूरे इलाके को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार सुबरह करीब 8.30 बजे मोहेर की ओर जाते समय बीएसएफ और एम एंड सी-1 अन्य सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने तेंगनुपाल जिले में सेनम और बोंगयांग के बीच सड़क के किनारे भारी मात्रा में छिपाए गए संदिग्ध संदिग्ध वस्तुएं दिखी। इसके तुरंत बाद तेंगनौपाल से केएस-12 को भी मौके पर भेजा गया। एम एंड सी-1 और केएस-12 के सैनिकों ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे छिपाए गए आईईडी - 21 टुकड़े पाइप (संदिग्ध विस्फोटक से भरा हुआ), कॉर्डेक्स- करीब 700 मीटर, लचीला तार करीब 300 मीटर, दो कारें और खुदाई के उपकरण मिले।

## इस्राइली विदेश मंत्री से जयशंकर ने की बात, गाजा के मौजूदा हालात और समुद्री यातायात की सुरक्षा पर चर्चा

नई दिल्ली। बीते सात अक्तूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। हमास के आंतकियों ने गाजा से सटी इस्राइली सीमा को तोड़कर इस्राइल शहरों में घुसपैठ की थी। जिसके बाद आतंकियों ने इस्राइली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इस घटना के बाद से इस्राइल और हमास के बीच भीषण युद्ध की शुरूआत हुई। जवाबी कार्रवाई में गाजा स्थित हमास के ठिकानों को इस्राइली सेना ने निशाना बनाया। जिसमें कई सुरंगों, ठिकानों को तबाह किया गया। दोनों पक्षों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों में आलोचना हो रही है। दुनिया एक तरफ रूस और यूक्रेन के युद्ध से उभर नहीं पाई थी, वहीं हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हो गया। हालांकि तमाम दबावों के बाद बंधक बनाए गए इस्राइली नागरिकों को छोड़ने पर हमास सहमत हुआ। इसके लिए कुछ दिनों तक गाजा में युद्ध विराम की स्थिति बनी रही। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस्राइली विदेश मंत्री एली कोहेन से बात की। इस चर्चा के दौरान गाजा में मौजूदा स्थिति, लेबनान और क्षेत्र में समुद्री यातायात की सुरक्षा



पर चर्चा की गई। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि संपर्क में हम बने रहेंगे। एस जयशंकर ने बातचीत से संबंधित पोस्ट सोशल मीडिया में साझा किया। हमले में करीब 1200 से ज्यादा इस्राइलियों की जानें गई थीं। वहीं इस्राइल के जवाबी हमलों में करीब 18,000 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा के 24 लाख लोगों में से 19 लाख अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं, उनमें आधे बच्चे शामिल हैं। हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हुए 65 दिन बीत चुके हैं, लेकिन इसके खत्म होने के फिलहाल कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं। सोमवार को सामने आई इस्राइली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई के दौरान इस्राइली सेना के तीन और सैनिकों की मौत हो गई है। इससे हमास के खिलाफ जमीनी हमले में मारे गए सैनिकों की संख्या 104 हो गई। इन सैनिकों की मौत खान यूनिस इलाके में एक विस्फोटक उपकरण से हुई। इस घटना में अन्य चार सैनिक घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इस्राइली सेना के अनुसार, 27 अक्तूबर को जमीनी आक्रमण शुरू होने के बाद से लगभग 600 आईडीएफ सैनिकों को चोटें आई हैं।

## गुजरात को 338 करोड़ और हिमाचल प्रदेश को 633 करोड़ की वित्तीय मदद, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मंगलवार को गुजरात सरकार को 338.24 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद को मंजूरी दी है। मंत्रालय ने कहा कि राज्य चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से प्रभावित था। बिपरजॉय' ने 16 जून को भारी बारिश के साथ गुजरात तट पर दस्तक दी थी। कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के कुछ हिस्सों में 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक हवा की गति चली थी, जिससे पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए थे। बिपरजॉय के दस्तक देने से पहले एहतियात के तौर पर राज्य सरकार ने करीब एक लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था। चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश के चलते समुद्र का पानी निचले इलाकों में स्थित गांवों में घुस गया था। जुलाई में, राज्य सरकार ने कच्छ और बनासकांठा जिलों में चक्रवात से प्रभावित किसानों के लिए 240 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की थी। बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने विधानसभा को बताया था कि राज्य सरकार ने जून में चक्रवात 'बिपारजॉय' से हुए नुकसान के लिए केंद्र से 700 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की थी, लेकिन 31 जुलाई तक उसे कोई अनुदान नहीं मिला।




आपदा प्रबंधन विभाग संभालने वाले मुख्यमंत्री ने बताया था कि राज्य सरकार ने 18 जून को केंद्र को एक ज्ञापन सौंपकर चक्रवात से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 700.42 करोड़ रुपये की मांग की थी। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश को 633.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद को मंजूरी दी है।

## 'जम्मू-कश्मीर को नरक में जाने दो...' सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले फारूक अब्दुल्ला

जम्मू। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला अनुच्छेद 370 को निरस्त को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सवाल में कहा कि जम्मू कश्मीर को नरक में जाने दो। भाजपा लोगों को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों के दिल जीतने की बात करती रही है, लेकिन अगर लोगों को दूर धकेलने के लिए ऐसी चीजें करते रहेंगे कैसे किसी का दिल जीता जा सकता है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वे चाहते हैं जम्मू कश्मीर में जल्द से विधानसभा चुनाव हों। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू अनुच्छेद 370 के लिए जिम्मेदार नहीं थे। इससे पहले संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर समस्या के लिए पूर्व पीएम नेहरू को दोषी ठहराया था। अब्दुल्ला ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि उनके (भाजपा के) मन में नेहरू के खिलाफ जहर क्यों है। नेहरू जिम्मेदार नहीं हैं। जब अनुच्छेद 370 आया तो सरदार




पटेल वहां थे। जब कैबिनेट की बैठक हुई तब नेहरू अमेरिका में थे। जब निर्णय लिया गया तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी मौजूद थे।' सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सर्वसम्मति से संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द करने के 2019 के फैसले को बरकरार रखा। उच्चतम न्यायालय ने सितंबर 2024 के अंत तक प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जाने का भी निर्देश दिया। साथ ही राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किए जाने के लिए कहा। यह पूछे जाने पर कि क्या इस फैसले से जम्मू-कश्मीर में विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां जाएं और खुद देखें। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि चुनाव हों। हम उम्मीद कर रहे थे कि अगर सुप्रीम कोर्ट (अनुच्छेद) 370 को हटा देगा, तो वे भी तुरंत चुनाव कराने के लिए कहेंगे। उन्होंने सितंबर तक का समय दिया, इसका क्या मतलब है? न्याय कहां है?' पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भारत के दावे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'यह फैसला सरकार को लेना है। हमने कभी किसी को नहीं रोका... हम कुछ नहीं हैं।'

## नागरिकता कानून की धारा 6ए को चुनौती देने वाली अर्जी पर फैसला सुरक्षित; संविधान पीठ ने की सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6 ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस धारा को असम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए 1985 में एक संशोधन के माध्यम से संविधान मे शामिल किया गया था।

न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले चार दिनों तक अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान, कपिल सिब्बल और अन्य की दलीलें सुनीं। बता दें कि धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाते हुए 17 याचिकाएं दाखिल की गई थी। धारा 6ए को असम समझौते के तहत संविधान के नागरिकता अधिनियम में शामिल लोगों की नागरिकता से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में शामिल किया गया था। नागरिकता अधिनियम की धारा-6ए विशेष प्रावधान के तहत शामिल की गई थी ताकि असम समझौते के तहत आने वाले लोगों की नागरिकता से संबंधित मामलों से निपटा जा सके। कानून के इस प्रावधान में कहा गया है कि जो लोग एक जनवरी 1966



को या इसके बाद और 25 मार्च 1971 से पहले बांग्लादेश सहित उल्लेखित इलाकों से असम आए हैं और यहां निवास कर रहे हैं उन्हें वर्ष 1985 में संशोधित नागरिकता कानून के तहत नागरिकता के लिए धारा-18 के तहत अपना पंजीकरण कराना होगा। इसका नतीजा यह है कि बांग्लादेश से असम आने वालों के लिए कानून का यह प्रावधान 25 मार्च 1971 की कट ऑफ तारीख तय करता है।

## दीक्षांत समारोहः राष्ट्रपति बोलीं- भारत के विकास में लाभकारी है 5 डी, मिशन 2047 का भागीदार बनने की अपील की

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के पास 5 डी (डिमांड, डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डिजायर व ड्रीम) है, जो विकास की यात्रा में लाभकारी है। हमारी अर्थव्यवस्था एक दशक पहले 11वें पायदान पर थी। आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। यहां 55 फीसदी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है। भारत प्रगतिशील व लोकतांत्रिक राष्ट्र है। हमारा सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। आप भी न केवल इस विजन के भागीदार बनें, बल्कि इसे पूरा करने के लिए सर्वस्व लगा दें। हमें प्रतिज्ञा करनी होगी जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरा कर रहा हो, तब आने वाली पीढ़ियां ऐसे भारत में जन्म लें, जो संपन्न-समृद्ध हो और जहां विकास समावेशी हो। उक्त बातें राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहीं। वे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) लखनऊ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने मेधावियों को डिग्री व मेडल प्रदान करते हुए पदक पाने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति ने 'विद्यां ददाति विनयम्, विनयाद् याति पात्रताम। पात्रत्वात धनमाप्नोति धनात धर्मं ततः सुखम श्लोक सुनाया और कहा कि विद्या विनय देती है और विनय से पात्रता आती है। पात्रता से धन, धन से धर्म और धर्म से सुख



प्राप्त होता है। उन्होंने आशा जताई कि संस्थान के आदर्श वाक्यों के अनुकूल आचरण करते हुए नैतिकता के साथ समाज व देश के सशक्त व समृद्ध भविष्य के लिए कार्य करेंगे। महामहिम ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव जीवन को आसान बनाने व उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साधन साबित हो रहा है। अपने व्यापक अनुप्रयोग के साथ एआई और मशीन लर्निंग जीवन के सभी पहलुओं को छू रहा है। हेल्थ केयर, एजूकेशन, एग्रीकल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट मोबिलिटी व ट्रांसपोर्टेशन आदि क्षेत्रों में एआई और मशीन लर्निंग हमारी दक्षता व कार्यक्षमता में व्यापक स्तर पर सुधार के अनेक अवसर प्रस्तुत कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार ने 2018 में एआई के लिए राष्ट्रीय रणनीति प्रकाशित की थी। यूपी सरकार ने भी प्रमुख शहरों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने के लिए योगदान प्रारंभ किया है। एआई व अन्य समकालीन तकनीकी विकास असीमित, अभूतपूर्व डवलपमेंटल एवं ट्रांसफरमेटिव संभावनाएं प्रदान करता है। आवश्यक है कि एआई प्रयोग के साथ उत्पन्न नैतिक दुविधाओं का निराकरण सबसे पहले हो। चाहे आटोमेशन के कारण उत्पन्न रोजगार की समस्या हो या आर्थिक असमानता की चौड़ी होती खाई या फिर एआई के परिणामों में आने वाले मानवीय पूर्वाग्रह, हमें हर समस्या के लिए रचनात्मक हल ढूंढना होगा।

## गणतंत्र दिवस के लिए भारत नहीं आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन; क्वाड की अहम बैठक भी स्थगित



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में शिरकत नहीं करेंगे। बात दें भारत ने अगले वर्ष जनवरी में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के तहत गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राष्ट्रपति बाइडन को आमंत्रित किया था। वहीं दूसरी ओर, सूत्रों की माने तो भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 के अंत में आयोजित होने का प्रस्ताव है। बता दें पहले यह शिखर सम्मेलन जनवरी माह में होने की संभावना थी। सूत्रों ने बताया कि भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 के अंत में आयोजित होने का प्रस्ताव हैं। सूत्रों ने कहा, हम संशोधित तारीखों पर निर्णय लेने पर विचार कर रहे हैं। क्योंकि वर्तमान में विचाराधीन तारीखें सभी क्वाड भागीदारों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई में जापान के हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर घोषणा की थी कि भारत अगले क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। बता दें क्वाड में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान देश शामिल हैं। जिसका उद्देश्य स्वतंत्र, खुला और समृद्ध इंडो-पैसेफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना और उसका समर्थन करना है।

## संपादकीय

# फैसले पर सुप्रीम मोहर

आखिरकार देश की शीर्ष अदालत ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जा समाप्त करने के फैसले को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की खंडपीठ ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने की तार्किकता को न्यायसंगत ठहराया। साथ ही कोर्ट ने फिलहाल केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा शीघ्र बहाल करने और सितंबर, 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश भी दिये। कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को आपात स्थिति का अस्थायी प्रावधान बताते हुए इसे निरस्त करने के राष्ट्रपति के अधिकार और लद्दाख को अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाने के निर्णय को वैधता प्रदान की। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर के पास आंतरिक संप्रभुता का अधिकार नहीं था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करके राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के फैसले की संवैधानिकता को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने माना कि राष्ट्रपति को अनुच्छेद 370 की समाप्ति का अधिकार है। अदालत ने साफ किया कि संविधान के अनुसार जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। दरअसल, व्यापक बहस के बाद कोर्ट ने पांच सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि फैसले के खिलाफ समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा करीब दो दर्जन याचिकाएं कोर्ट में दाखिल की गई थीं। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 राज्य में भारत के संवैधानिक प्रावधानों को सीमित करता था और संसद को सीमित मामलों में ही राज्य के लिये कानून बनाने का अधिकार था। जिसके चलते भाजपा समेत कई दल इस अनुच्छेद को भारत की एकता के लिये बाधा मानते रहे हैं। कालांतर में पांच अगस्त, 2019 को राष्ट्रपति ने एक आदेश जारी किया था। जिसके बाद संविधान में संशोधन हुआ था। उस दौरान राजनीतिक अस्थिरता के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन था। बाद में राष्ट्रपति ने एक दूसरे आदेश में भारतीय संविधान के सभी प्रावधान जम्मू-कश्मीर में लागू करने के निर्देश दिये थे। विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद संसद ने राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में बांटने वाला कानून पारित किया। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को राजनीतिक दल व संगठन राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला बता रहे हैं। यह भी कि जम्मू-कश्मीर का शासन अब संविधान के प्रावधानों के साथ चलेगा। इससे जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट के फैसले से साफ संदेश आया कि भारत का संविधान जम्मू-कश्मीर के संविधान से ऊंचा है। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। यह भी कि राजा हरि सिंह द्वारा जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद इस राज्य की संप्रभुता खत्म हो गई थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल ने बताया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा, लेकिन लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश बना रहेगा। इसी आलोक में कोर्ट ने निर्देश दिए कि नये परिसीमन के आधार पर राज्य में 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाए जाएं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि संविधान पीठ के पांच जजों ने एकमत से यह फैसला सुनाया। उल्लेखनीय है कि फैसला सुनाने वाली संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति संजय कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल थे। निस्संदेह, माना जाना चाहिए कि अब कोर्ट के फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद चार साल के दौरान राज्य का सकल घरेलू उत्पादन यानी जीएसडीपी दुगना हुआ है। राज्य में पर्यटन उद्योग में अभूतपूर्व तेजी देखी गई है, वहीं बड़े आर्थिक बदलाव देखे गये हैं। राज्य में आतंकवाद घटनाओं के बावजूद कानून-व्यवस्था नियंत्रण में बतायी गई है और नये आतंकी समूहों का बनना कम हुआ है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति को कानूनी वैधता के बाद जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत होगी।

## ना चलती अब मर्जी!



था पहले चौंकाया ।
आगे भी चौंकाना ।।
दे रहे हैं लिख कर ।
मौसम है सुहाना ।।
खेद और नाराजगी का ।
अंत है हो जाना ।।
ना करनी है कार्रवाई ।
गाना आगे गाना ।।
शह और मात तो ।
हर पल चलने वाला ।।
ना चलती अब मर्जी ।
अंदाज हुआ निराला ।।
मिट गया है संशय ।
हुई दुविधा दूर ।।
भले लगी हो देर ।
मंथन पर भरपूर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# 370 पर आये अदालती फैसले के मायनों को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आलेख के जरिये समझाया

**नरेंद्र मोदी**

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स्वरूप स्थायी नहीं था।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है, और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गई, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत्यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम उत्पन्न हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व्यापक नुकसान हुआ।

देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी। मुझे अपने जीवन के शुरूआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गए।



कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्रोत भी रहा है। मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हुआ था, वह हमारे राष्ट्र और वहां के लोगों के साथ एक बड़ा विश्वासघात था। मेरी यह भी प्रबल इच्छा थी कि मैं इस कलंक को, लोगों पर हुए इस अन्याय को मिटाने के लिए जो कुछ भी कर सकता हूँ, उसे जरूर करूँ। मैं हमेशा से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहता था। सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब,वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गईं। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो।

एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो। इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी- नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना। मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया। जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं।

# डेटा एंट्री में गलती करने वाले हर कर्मचारी के खिलाफ भी होनी चाहिए कार्रवाई

**संतोष पाठक**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और इनमें मारे जाने वाले लोगों के आंकड़े पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि सरकार का उद्देश्य 50 प्रतिशत रोड एक्सीडेंट को कम करने का है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने सबसे बड़ी बात यह भी कही कि कितने ही रोड एक्सीडेंट रोड की डिजाइन में गड़बड़ी होने के कारण होते हैं और गलत और घटिया डीपीआर बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गडकरी ने तो तल्ख शब्दों में यह तक कह दिया कि घटिया डीपीआर बनाने में जो-जो भी अधिकारी शामिल हों उन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।




गडकरी के इस बयान ने कई मायनों में एक बड़ा सवाल उठा दिया है क्योंकि घटिया डीपीआर सिर्फ सड़क से जुड़ी ही समस्या नहीं है बल्कि यह सीधे-सीधे सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की लापरवाही से जुड़ा मसला है या कहीं ना कहीं इसके पीछे रिश्वत और भ्रष्टाचार एक बड़ा कारण होता है। दरअसल, सरकारी स्तर पर लापरवाही की समस्या कोई आज की नहीं है लेकिन जैसे-जैसे कंप्यूटर और इंटरनेट का युग सर्वव्यापी होता जा रहा है वैसे-वैसे इन लापरवाहियों का खामियाजा लोगों को और ज्यादा भुगतना पड़ रहा है क्योंकि कंप्यूटर में एक बार जो डेटा, आंकड़ा या नाम फीड हो गया तो उसे बदलवाने के लिए या ठीक करवाने के लिए फिर से पूरी प्रक्रिया को फॉलो करना पड़ता है। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का या फिर स्थानीय प्रशासन का चुनाव हो, हर चुनाव में आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोगों के वोटर आईकार्ड, आधार कार्ड या पहचान के किसी और कार्ड में कभी नाम सेम नहीं मिलता तो कभी सरनेम सेम नहीं मिलता तो कहीं उम्र नहीं मिलती तो कभी उनके घर का पता पूरी तरह से नहीं मिलता है। कई बार तो पुरुष के वोटर आईकार्ड में स्त्री लिख दिया जाता है और कई बार स्त्री के वोटर आईकार्ड में पुरुष लिख दिया जाता है। आप चाहे कोई भी कार्ड बनवा लें, या मोबाइल का कनेक्शन लें या बिजली का कनेक्शन लें या फिर गैस का कनेक्शन लें या फिर पाइप लाइन का कनेक्शन लें, ऐसा लगता है कि डेटा फीड करने वाले कर्मचारी ने कसम खा रखी है कि उसे सही काम तो करना ही नहीं है। सरकारी बैंकों की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात तो यह है कि पीढ़ीगत बदलाव आने यानी युवा कर्मचारियों की भर्ती होने के बावजूद इस तरह की गलतियां होनी बंद नहीं हुई हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आम जनता से जुड़े सभी विभागों के लिए एक एसओपी बनाया जाए जिसमें इस तरह की गलतियों के लिए न केवल जुमार्ने की व्यवस्था हो बल्कि नौकरी से बर्खास्तगी तक का प्लान हो ताकि जानबूझकर लापरवाही करने की आदत पर रोक लगाई जा सके। क्योंकि यह समस्या भले ही सुनने में छोटी लगती हो लेकिन इस देश का हर आदमी कभी न कभी इस तरह की समस्याओं से पीड़ित जरूर होता है। इसलिए इस मामले में एक राष्ट्रीय नीति या कानून बनाने की जरूरत है।

# विष्णुदेव साय का नाम आगे करके भाजपा ने देशभर के आदिवासी वर्ग को साध लिया है

**ललित गर्ग**

विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री घोषित करके भारतीय जनता पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीवंत आदिवासी समाज को उन्नति के नये शिखर एवं राजनीति में समुचित प्रतिनिधि देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर उन्होंने इस समुदाय की आशाओं पर खरे उतरने की कोशिश की है। निश्चित ही विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से आदिवासी समुदाय में खुशी जगी है, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा में भी भाजपा को लाभ मिलेगा, वहीं मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोगों भी प्रभावित किया जा सकेगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विष्णुदेव साय का निर्णय नया राजनीतिक धरातल तैयार करेगा एवं नयी राजनीतिक दिशाओं को उद्घाटित करेगा।

जमीन से जुड़े, विनम्र, ईमानदार एवं सादगीप्रिय विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की दूरगामी सोच एवं राजनीतिक परिपक्वता से जुड़ी साहसिक एवं करिश्माई राजनीति की निष्पत्ति है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि अब तक चार बार के सांसद, तीन बार के विधायक और छत्तीसगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष की कमान एवं केंद्र सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। 26 साल की उम्र में ही पहली बार विधायक बनने वाले विष्णुदेव के दिवंगत दादा बुधनाथ साय 1947 से 1952 तक विधायक रह चुके हैं। उनके दिवंगत ताऊ नरहरि प्रसाद साय भी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। विष्णुदेव साय ने ताजा चुनाव कुनकुरी विधानसभा सीट से लड़ा था, जिसमें उन्होंने 25 हजार 541 वोटों से जीत दर्ज की। कम बोलने और बेहद विनम्र माने जाने वाले विष्णुदेव साय को, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। निश्चित ही उनकी मुख्यमंत्री की पारी ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण बनेगी। 21 फरवरी 1964 को एक आदिवासी परिवार में जन्में विष्णुदेव साय ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी के लोयला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे। अमित शाह ने बड़ा आदमी बनाने का अपना वायदा इतना जल्दी पूरा कर दिया है। वैसे भी 32 फीसद आदिवासी जनसंख्या वाले छत्तीसगढ़ की विधानसभा में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर भाजपा के कब्जे के बाद माना जा रहा था कि किसी आदिवासी विधायक को भाजपा मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री बना सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के बाद से ही भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया है। भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी पार्टी के नेताओं के घरों पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की रेड हो रही है। झारखंड के कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर इनकम टैक्स की रेड और 500 करोड़ रुपए की बरामदी हुई है। इसलिये भाजपा ईमानदार नेताओं को आगे लाना चाहती है, विष्णुदेव साय जमीन से जुड़े हैं, आदिवासी हैं और लंबे समय से राजनीतिक जीवन में रहने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोपों से दूर हैं। ऐसे में वे भाजपा के इस कैटेगरी में एकदम फिट बैठे और मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी। ईमानदारी के साथ विनम्रता भी उनकी बड़ी विशेषता है। एक दिन पहले उन्होंने कहा- ह्वविनम्रता को कमजोरी नहीं मानना चाहिए। मैं तो इसे अपनी ताकत मानता हूं और मेरी कोशिश रहेगी कि आजीवन विनम्र बना रहूं। राजनीतिक स्वार्थ के चलते आजादी के बाद से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। कांग्रेस ने आदिवासी के नाम पर सत्ता तो अनेक बार हासिल की, लेकिन उनके कल्याण के लिये कोई ठोस काम नहीं किये। जबकि आदिवासी समुदाय को कांग्रेस विचारधारा का ही माना जाता रहा है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने अपनी सूझबूझ एवं विवेक से आदिवासी लोगों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी गुजरात के आदिवासी इलाके कवांट में जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एक समारोह में 15 हजार करोड़ की वनबंधु योजना की शुरूआत की।

## दक्षिण भारत की द्रविड राजनीति में सनातन द्वेष! विषय पर विशेष संवाद !

**सनातन धर्म नष्ट करने की बातें करनेवालों को 'सनातन धर्म को समझना चाहिए ! – आर.वी.एस.मणि, अवर सचिव, गृहमंत्रालय, भारत सरकार**



द्रमुक पार्टी के विविध नेता सनातन धर्म नष्ट करने की बातें कर रहे हैं । सनातन धर्म पर टिप्पणी कर रहे हैं, उनका उद्देश्य नकारात्मक राजनीति करना है । अल्पसंख्यकों के मत पाने के लिए, तथा सनातन धमीर्यों में हीन भावना निर्माण करने के लिए यह सब चल रहा है । सनातन धर्म नष्ट करने की बातें करनेवालों को सनातन धर्म क्या है, यह समझना चाहिए । सनातन धर्म अनादि काल से है, ऐसा प्रतिपादन भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पूर्व अवर सचिव श्री. आर. वी. एस. मणि ने किया । हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से 'दक्षिण भारत की द्रविड राजनीति में सनातन द्वेष ! विषय पर आयोजित विशेष संवाद में वे बोल रहे थे । इस समय हिन्दू जनजागृति समिति के देहली प्रवक्ता श्री. नरेंद्र सुर्वे ने उनसे संवाद किया ।

द्रमुक पार्टी के सांसद डॉ. सेंथिलकुमार ने हाल ही में उत्तर भारत के राज्यों को 'गोमूत्र स्टेट' कहा । यह वाक्य निंदनीय है, डॉ. सेंथिलकुमार को दंड देने के लिए यहां दंडसहिता नहीं है क्या ? मेकॉले शिक्षापद्धति के ये परिणाम हैं । जो सनातन धर्म पर टिप्पणी करते हैं, उन्हें बुद्धि से परिपक्व होने की आवश्यकता है । सनातन धर्म नष्ट करना अथवा उसका विभाजन करना, ऐसा कहनेवाले मूर्ख तथा दुष्ट हैं । भारत में भाषा के अनुसार विभिन्न राज्यों के लोगों में फूट डालने के प्रयास किया जा रहा है । देश में राज्य और भाषा भले ही भिन्न हों, तब भी हम भारतीय हैं, यह ध्यान में रखना होगा, ऐसा भी श्री. मणि ने कहा ।

# बालू गिट्टी के दबाव से प्राथमिक विद्यालय की टूटा बाउंड्री वॉल

## विद्यालय खुलने के बाद गिरता बाउंड्री वॉल तो हो सकता था बड़ा हादसा

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना अंतर्गत कैसरपुर अदाई प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री के पास गांव के एक व्यक्ति द्वारा कंक्रीट और बालू रखा गया था जिसके दबाव से बाउंड्री टूट गई जिसकी जानकारी प्रधानाध्यपीका ने ग्राम प्रधान समेत प्राथमिक शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी को दी।

जानकारी के अनुसार विकास खंड शाहगंज शोधी के कैंसरपुर अदाई गांव के प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वॉल के बगल में इसी गांव के निवासी विनोद कुमार के मकान का निर्माण हो रहा है व्यक्ति द्वारा विद्यालय के बाउंड्री से सटाकर भारी मात्रा में कंक्रीट और बालू रखा गया था बीती रात अचानक दबाव के कारण बाउंड्री वॉल लगभग 30 फुट टूट कर धराशाही हो गई सुबह जब विद्यालय पर प्रधानाध्यापिका सुशीला देवी



पहुंची तो बाउंड्री टूटी देखकर अवाक रह गई उन्होंने इसकी सूचना तत्काल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पूर्णमासी राजभर को दी सूचना लगते ही भारी मात्रा में ग्रामीण और प्रधान प्रतिनिधि पहुंच गए उन्होंने इसकी जानकारी माध्यमिक शिक्षक संघ के उच्च अधिकारी को दी कहा कि अगर विद्यालय खुलने के बाद बाउंड्री बाल गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था,

**गांव के व्यक्ति द्वारा बाउंड्री वॉल के बगल में कंक्रीट बालू रखा गया था हमने हटाने के लिए बोले थे उन्होंने कहा था कि एक सप्ताह के अंदर हटा लेंगे बालू और कंक्रीट के दबाव से बीती रात बाउंड्री टूट गई ।**

**-प्रधानाध्यापिका सुशीला देवी**

**बाउंड्री वॉल के पास कंक्रीट बालू रखे होने की पहले से हमें जानकारी नहीं थी सुबह प्रधानाध्यापिका ने इसकी जानकारी दी जा कर देखें तो 25 से 30 फीट तक बाउंड्री धारा सही हो गई है इसकी सूचना प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी को दी है।**

**-ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पूर्णमासी राजभर**

## तलाक शुदा बीबी को गुजारे का पैसा न दिला पाना मानवाधिकार का हनन : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गुजारा भत्ता दिलाने में देरी मानवाधिकार का हनन है। शौहर अपनी तलाक शुदा बीबी को गरिमामय जीवन जीने से वंचित नहीं कर सकता। न्यायिक प्रक्रिया के बहाने पति को पत्नी का शोषण करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कानूनी प्रक्रिया न्याय देने में बाधक नहीं बन सकती। प्रक्रियात्मक उलझाव के कारण न्याय रथ का पहिया रुक नहीं सकता। कोर्ट ने पिछले 21 साल से गुजारा भत्ते के एक पैसे का भुगतान न हो पाना न्यायिक प्रक्रिया का दुरूपयोग होना बताया है। कोर्ट ने कहा परिवार अदालत बलिया ने चार बार अंतरिम गुजारा देने का एकपक्षीय आदेश दिया, जिसे शौहर ने अर्जी देकर चार बार वापस कराया और आदेश का पालन न कर शौहर ने न्याय प्रशासन में न केवल अवरोध उत्पन्न किया वरन्‌ न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया है। जिसे कड़ाई से निपटना चाहिए। कोर्ट ने बाद में 5 जून 23 को दिये गए प्रधान न्यायाधीश परिवार अदालत के आदेश को रद कर दिया और 18 दिसम्बर 21 को जारी आदेश को बहाल करते हुए शौहर को एक माह में पूरी बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याची को 5 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से 20 दिसम्बर 2002 अर्जी दायर करने की तिथि से भुगतान किया जाएगा। साथ ही आगे भी लगातार 5 हजार रूपए माह की 10 तारीख को जमा करते रहने का शौहर को निर्देश दिया है और आदेश का पालन न करने पर परिवार अदालत को वसूली कार्रवाई करने की छूट दी है। तथा परिवार अदालत को पूरे बकाये का भुगतान सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने सहाबी खातून की याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। मालूम हो कि याची और जमाल खान की 12 जून 86 को शादी हुई। तीन बच्चे पैदा हुए। शादी के 13 साल बाद मनमुटाव हो गया और शौहर ने तलाक देकर याची को घर से बाहर कर दिया। वह अपने पिता के घर रहने लगी। शौहर ने बच्चों को अपने पास ही रखा। याची ने दो हजार रुपए गुजारे भत्ते के लिए धारा 125 मे अर्जी दी। चार बार एकपक्षीय अंतरिम आदेश हुआ। जिसे शौहर की अर्जी पर बार-बार आदेश वापस ले लिया गया। याची को कोई भुगतान नहीं किया गया। शौहर कोल फील्ड कंपनी वर्धमान में सर्वेयर है। 96 हजार 616 रुपए वेतन है। वह सहयोग से कतरा रहा है। परिवार अदालत ने 5 हजार प्रतिमाह की दर से 18 दिसम्बर 21 को 12 लाख रुपए बकाया के भुगतान का आदेश दिया। जिसका पालन नहीं किया गया तो वसूली वारंट जारी हुआ। परिवार अदालत ने 5 जून 23 को बतौर हजार्ना 80 हजार रुपए देने का आदेश दिया।

## युवती ने सामूहिक बलात्कार का लगाया आरोप

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। थाना क्षेत्र के बड़गों गांव निवासिनी आसमीन पुत्री जुमराती ने गांव के ही निवासी युवकों पर दिन में ही सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार असमीन ने अपने ही गांव के निवासी युवक विकास गुप्ता पुत्र रमेश,आकाश गुप्ता ,अनूप गुप्ता, आलोक गुप्ता पुत्रगण अशोक गुप्ता, अशोक , रमेश, पुत्रगण कैलाश, निवासी ग्राम बड़गों योगेश पुत्र भुल्लर निवासी ग्राम भिटहा पर सुबह दिन में 8:00 बजे घर में घुसकर कट्टे के बल पर सामूहिक बलात्कार करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि माता-पिता के घर से बाहर होने कारण अकेला पाकर यह लोग मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किए तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए किसी को ना बताने तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। आसमीन ने पुलिस को बताया कि 112 नंबर पुलिस तथा महिला हेल्पलाइन पुलिस को सूचना दी गई परंतु पुलिस द्वारा इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुनः दिन में उपरोक्त लोग तथा तीन अज्ञात लोग माता-पिता तथा मेरे भाई तथा मुझे लाठी और डंडे से मार कर घायल कर दिए तथा धमकी देते हुए चले गए। युवती ने थाने पर तहरीर दिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त नामजद लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 376- ऊ 323, 504, 506, 452 में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। संबंध में थाना अध्यक्ष सहजनवां इत्यानंद पांडे से बात करने पर उन्होंने बताया कि आरोपीयो पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मेडिकल जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पट्टीदारों के भय से दरबदर भटक रहे दम्पति को समाजसेवी ने पहुंचाया वृद्धाश्रम

अम्बेडकरनगर। सम्पत्तियों को हड़पने का उद्देश्य से बुजुर्ग दंपत्ति को मारपीट कर घर से भगा दिया गया और वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जनपद मुख्यालय पर विगत कई दिनों से दरबदर भटक रहे बुजुर्ग दंपत्ती सिद्दीक व उनकी पत्नी झींकी निशा निवासीगण हाजलपट्टी कोतवाली टाण्डा को समाजसेवी बरकत अली की मदद से वृद्धाश्रम में भर्ती कराया गया। पीड़ित सिद्दीक ने पुलिस कप्तान को तहरीर देते हुए पट्टीदारों व पड़ोसियो पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गोहार लगाई है।

## सुधाकर महिला कॉलेज के चार छात्राओं को मिला श्रेष्ठता सूची में स्थान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत के राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के गौरवपूर्ण उपस्थिति में सुधाकर महिला कॉलेज के चार छात्राओं को विश्वविधालय के टॉप 10 सूची का सम्मान मिला` महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी टॉप-10 सूची में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और संबद्ध महाविघालय को मिलाकर टॉप स्नातक स्तर पर जारी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के टॉप 10 के सूची में एल.एल.बी. तृतीय वर्ष की छात्रा अभिषेकता यादव ने चतुर्थ स्थान और सुधाकर महिला पोस्ट ग्रेजुएट कालेज की बी० काम० तृतीय वर्ष की छात्रा अमीषा श्रीवास्तव ने टॉप-10 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया` स्नाकोत्तर स्तर पर सुधाकर महिला



पी.जी. कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के श्रेया मिश्रा को चतुर्थ स्थान और आकृति सोनी को सप्तम स्थान प्राप्त कर पूरे महाविद्यालय का मान बढ़ाया` इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रभुनारायण दूबे, उपप्राचार्या डॉ. रमा दूबे, समन्वयक व शिक्षाविद् डॉ.अशोक कुमार पाण्डेय, निदेशक आशीर्वाद दूबे और समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए अनन्त शुभकामनाएं दी इस तरह महाविघालय की चार छात्राओं ने विश्वविधालय के टॉप 10 सूची में अपना परचम फराया। महाविद्यालय की ओर से विधि प्रवक्ता डॉक्टर राजकुमार श्रीवास्तव और कामर्स विभाग से सचिन पाण्डेय उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा के नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत दो दिवसीय जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोहपूर्वक एकलव्य स्टेडियम में किया गया। इस बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि डा० हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी बी.सी.पलेई, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा द्वारा संयुक्त रुप से ध्वज फहरा कर किया। उक्त अवसर पर डॉक्टर हरिओम पाण्डेय ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होने अपने संबोधन में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को शुभकामानाये दी। उन्होंनें आशा व्यक्त की कि ये बच्चे मण्डलीय और राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी चयनित होगें। इस अवसर पर समारोह के विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक बी.सी.पलेई ने कहा कि बच्चों की शिक्षा सदैव हमारी प्राथमिकता रही है। सीएसआर के तहत परियोजना के आसपास के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत



बच्चों को हर संभव सुविधाएं जैसे स्मार्ट क्लासेस, मध्यान्ह भोजन शेड, स्कूल बैग्स एवं अन्य सहायता प्रदान की जाती हैं। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को खेल के प्रति आकर्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जनपदीय एवं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के आयोजन में सीएसआर के तहत सम्यक योगदान दिया जा रहा है। हमारा उद्देश्य छात्र-छात्राओं को समुचित खेल का अवसर प्रदान करना है ताकि सभी बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास स्वाभाविक रूप से हो सके। इसके साथ-साथ खेल के माध्यम से सभी बच्चों में परस्पर सौहार्द्र एवं भाईचारे की भावना का विकास भी स्वाभाविक रूप से हो सके। बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होनें सभी बच्चों का भरपूर उत्साहवर्द्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। एनटीपीसी टांडा सी.एस.आर. के सौजन्य से जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरुप प्रथम पुरस्कार में कम्बल, द्वितीय पुरस्कार में बैडमिंटन किट एवं तृतीय पुरस्कार के रुप में दीवार घड़ी तथा ट्राफियाँ एवं अन्य आवश्यक पुरस्कार बच्चों को प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। साथ ही जिला प्रशासन ने भी इस सहयोग के लिए एनटीपीसी टांडा प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रसंशा की है। कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के अपर महाप्रबंधक रजनीश कुमार खेतान, उप महाप्रबंधक श्रीमती मृणालिनी, सी.एस.आर. अधिकारी सुश्री निष्ठा सिंह, नैगम संचार अधिकारी वरुण सोनी एवं जिले के विभिन्न खण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा लगभग 2000 से अधिक प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्टेशनों पर प्लेटफार्मों का विस्तार, प्लेटफॉर्मों के लेवल में वृद्धि, वॉशेबल एप्रनों, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर ब्रिजों, एस्केलेटरों, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्टों की सुविधा, मुखद्वार सहित स्टेशन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गयी।

उन्होंने गतिशीलता वृद्धि, विकासात्मक बुनियादी कार्यों, मालभाड़ा लदान और रेलपथों पर संरक्षा की भी समीक्षा की। श्री चौधुरी ने क्रू-प्रबंधन और मानव शक्ति के बेहतर उपयोग पर बल दिया। उन्होंने रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने और गतिशीलता को बढ़ाने से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा कार्यों की प्रगति की जांच के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलपथों और वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किये जा रहे



कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पेडों की छटाई करने और रेलपथों के आसपास उग आई वनस्पतियों को साफ किए जाने के कार्यों का जायजा लिया। श्री चौधुरी ने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने तथा रेल दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन कामों में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और रेल परिचालन से संबंधित निरीक्षणों को बढ़ाने के लिए कहा।उन्होंने बताया कि खाद्यान्नों एवं अन्य मदों के लदान में प्रत्येक गुजरते माह के साथ वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 17 दिसम्बर को पीएम मोदी के काशी आगमन के पूर्व भाजपा ने वाराणसी महानगर एवं जिले में चलाया स्वच्छता अभियान

### स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लिया भाग, स्वच्छता पखवारे के तहत स्वच्छता अभियान पीएम के आगमन तक जारी रहेगा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 17 दिसम्बर को दो दिन के लिए काशी प्रवास पर आ रहें है अपने प्रिय सांसद के आने के पूर्व हर बार भाजपा जिला व महानगर की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया जाता है लेकिन इस बार 3 राज्यो में अभूतपूर्व विजय के बाद मोदी जी का काशी आगमन हो रहा है जिसके चलते कार्यकर्ता व काशीवासी काफी उत्साहित है,भाजपा ने इस बार स्वच्छता पखवारा चलाने का निर्णय लिया है` इसी स्वच्छता पखवारे के तहत मंगलवार कों वाराणसी महानगर एवं जिले में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ इस अभियान में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महापौर अशोक तिवारी एवं महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय की अगुवाई में सरदार पटेल जी की मूर्ति मलदहिया से आज पूर्वान्ह 7.30 बजे स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई` कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा को स्नान कराकर एवं माल्यार्पण करके हुई तत्पश्चात प्रतिमा के आसपास के क्षेत्र से मलिन बस्ती तक स्वच्छता अभियान चलाया गया अभियान में शामिल बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ ने झाड़ू लगाई।



इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने काशी से ही राष्ट्र व्यापी स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी` आज स्वच्छता अभियान जन आंदोलन का रुप धारण कर चुका है। कहा कि जब भी पीएम काशी आते हैं तब संगठन द्वारा पुरे महानगर व जिले में अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाता है जिसका परिणाम है कि आज काशी स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई दे रही है` देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक साफ सुथरी काशी को देखकर आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

स्वच्छता अभियान में प्रदीप अग्रहरि, राकेश शर्मा, जगदीश त्रिपाठी, एडवोकेट अशोक कुमार, मधुकर चित्रांश, ई.अशोक यादव, पाषर्दगण सिद्धनाथ शर्मा, मदन मोहन दुबे,राजेंद्र यादव, बृजेश चौरसिय, सत्य प्रकाश जायसवाल, नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने शुलटंकेश्वर एवं कर्दमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान** - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काशी आगमन से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मण्डल के कर्दमेश्वर मन्दिर प्रांगण व शूलटकेश्वर मण्डल के शूलटकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुमार सिद्धार्थ ,पार्षद प्रतिनिधि गोपाल पटेल, मिथिलेश सिंह, बिहारी पटेल, रमेश विश्वकर्मा, संजय मिश्रा,अनिल सिंह, मण्डल अध्यक्ष राममिलन मौर्या , वीरू सिंह ,गोबिंद गुप्ता, कमलेश प्रजापति, प्रदीप जयसवाल, अनिल पाल, अमित सिंह,आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम ने जरूरत मन्दों को दिया कंबल



पिंडरा। बढ़ते ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन भी असहाय लोगों को ठंड से राहत दिलाने में जुट गया है। उसी क्रम में मंगलवार को एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने बाबतपुर में असहाय लोगों को स्वयं जाकर कंबल दिया। एसडीएम ने कहाकि किसी को भी ठंड में कोई परेशानी हो तहसील स्थित मेरे कार्यालय में मिल सकता है। इस बार तहसिल प्रशासन स्वयं जरूरत मंद लोगों के दरवाजे पर जाकर कम्बल दे रहा है।

### गाजे बाजे व घोड़े के साथ निकला श्रीराम कथा का भव्य कलश यात्रा



प्रखर घघसरा-गोरखपुर। पाली क्षेत्र नगर पंचायत घघसरा के ग्राम अलगटपुर में स्थित शिव मंदिर से मंगलवार को गाजे बाजे व घोड़े के साथ नौ दिवसीय श्रीराम ज्ञान कथा का भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं, बच्चे, बूढ़े, नौ जवान सहित कन्याएं शामिल रहीं। यह कलश यात्रा अलगटपुर गांव में स्थित शिव मंदिर से निकालकर बिसरी,हड़ही, नगर पंचायत घघसरा कार्यालय पर पहुंचने पर जहां चेयरमैन प्रभाकर दुबे द्वारा कलश यात्रियों के लिए जलपान व्यवस्था कराया गया था। नगर पंचायत कार्यालय पर कलश यात्रियों को पहुंचने पर प्रभाकर दुबे ने सभी कलश यात्रियों को अपने हाथों से गुड़ और जल पिलाया। जलपान ग्रहण कर पुनः कलश यात्री घघसरा गांव थरुआपार चौराहा दरूआ गांव होकर अलगटपुर गांव शिव मंदिर पर पहुंचकर समाप्त किया। इस कलश यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रान्त लोगों के अतिरिक्त भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने दादा की लाइसेंसी बंदूक से खुद को उड़ाया

प्रखर जौनपुर। नीट की तैयारी कर रहे एक प्रतिभावान छात्र ने अपने दादा की लाइसेंसी बन्दूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक द्वारा खुद को गोली से उड़ाये जाने की खबर से पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। अभी तक घटना के रहस्य से पर्दा नही उठ पायी है । दिलदहला देने वाली यह वारदात नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रासमण्डल मोहल्ले में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रासमण्डल मोहल्ले के निवासी सत्येद्र यादव का पुत्र शिवांश यादव 19 वर्ष इसी वर्ष इंटर पास करने के बाद घर पर रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मदद के लिए वह ऑन लाइन कोचिंग भी कर रहा था। आज दोपहर करीब 12 बजे उसने अपने घर में दादा की लाइसेंसी बन्दूक की नली को मुँह में डालकर पैर से ट्रिगर दबा दिया जिसके कारण उसकी खोपड़ी उड़ गई। गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे में गए तो वह लहुलुहान हालत में मिला, बेटे की हालत देखकर माँ बेहोस हो गई। यह मनहूस खबर मिलते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवांश ने मौत गले क्यो लगाया इसका अभी पता नही चल पाया है। बताते चले कि शिवांश के बाबा जयनाथ यादव नगर पालिका इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रहे है, पिता निजी व्यवसाय करते है।

### ट्रक में पीछे से घुसी बाईक युवक की मौत

प्रखर मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।खड़ी ट्रक में मोटरसाइकिल सवार युवक पीछे से घुस गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर दखिनियां रायपुर निवासी आयुष पाल (31) पुत्र हरेंद्र कुमार पाल भरूच गुजरात के एक कम्पनी में केमिकल इंजीनियर हैं। चाची के तेरहवीं के लिए गुरुवार को वह गांव आये हुए थे। सोमवार को चाची की तेरहवीं सम्पन्न होने के बाद वह अपने ननिहाल झूंसी प्रयागराज मोटर साइकिल से हेलमेट लगाकर जा रहे थे। कुछ दूर के बाद मुंगराबादशाहपुर सुजानगंज मार्ग रहिचंदा गांव के पास एक खराब ट्रक खड़ी हुई थी रात होने की वजह वह खड़ी ट्रक को लेकर भ्रम की स्थित में हो गये आयुष को लगा कि ट्रक चल रही है। मोटरसाइकिल का तेज ब्रेक लेने बाद भी वह ट्रक में जा भिड़े और हेलमेट छिटककर दूर जा गिरा सिर में गम्भीर चोट आई। स्थानीय लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे और अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे लेकिन तब तक आयुष ने दम तोड़ दिया।जेब से आधार कार्ड के आधार पर युवक के परिजनों को सूचना दी गई तो परिजनों में कोहराम मच गया।आनन फानन में वह मौके पर पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे । पुलिस भी सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची ।इस बाबत थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह का कहना है कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए लिए भेज दिया गया है। ट्रक चालक फरार है।

### कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां विकास खण्ड के ग्राम सभा पिपराहेमा में कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने 12दिसम्बर दिन बुधवार को गांव में ही प्रदर्शन किया कोटेदार पर लगाए राशन गबन के आरोप गौरतलब की कई राशन कार्ड लाभार्थियों ने बताया कि अंगूठा लगाने के बाद राशन नही मिलता लगभग हर माह में इसी तरह किया जाता है अंगूठा लगा के 20 दिन बाद दिया जाता है।कुछ ग्रामीण ने आरोप लगाया की राशन कटसहरा चौराहे पर स्थित एक दुकान पर बेचा जाता है ग्रामीण नई कोटे की दुकान चयन करने तथा कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में राजू,मानभवती,सरिता देवी,राधिका,देवी,रीता देवी,साशिकला ,मीरा,चंद्रावती, समेत दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

### सांसद ऋतेश पांडेय ने बुनकर नगरी के लिए सदन में उठाई आवाज

अम्बेडकरनगर। देश के सबसे बड़े सदन में जनपद के सांसद रितेश पांडेय ने बुनकर बाहुल्य क्षेत्र के लिए बड़ी आवाज उठाने का काम किया है जिसका बुनकर समाज ने स्वागत किया है। सांसद ऋतेश पांडेय ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि टाण्डा औद्योगिक बुनकर नगरी है जहां छोटे छोटे बुनकरों द्वारा पॉवर लूमों के माध्यम से कपड़ा तैयार किया जाता है लेकिन उनकी निकासी के लिए समुचित साधन ना होने के कारण काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। श्री रितेश ने मांग किया कि टाण्डा रेलवे लाइन पर यात्री ट्रेन चलाई जाए जिससे बुनकरों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री रितेश ने सदन को अवगत कराया कि अम्बेडकर नगर को शासन द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के तहत कपड़ा व्यवसाय चिन्हित है और बुनकरों द्वारा काफी दिनों से टाण्डा रेकवे स्टेशन से यात्री ट्रेन चलाने की मांग भी की जा रही है।

# अयोध्या में धर्म पथ पर 'सूर्य स्तंभ' हुआ स्थापित

## जोरों पर है राम मंदिर निर्माण का काम

*अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम जोरों पर है। इसका गर्भ गृह बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इससे पहले अयोध्या में धर्म पथ पर 'सूर्य स्तंभ' स्थापित किया गया है। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार ने बताया कि लता मंगेशकर चौक के पास, धर्म पथ पर आरंभ और समापन बिंदु के बीच नियमित अंतर पर सूर्य स्तंभ स्थापित किया जा रहा है।*

एजेंसी ▸▸| अयोध्या

अयोध्या में धर्म पथ पर रघुवंशियों के आराध्य भगवान सूर्य का प्रतिनिधित्व करते सूर्य स्तंभ बनाए जा रहे हैं। पूरी अयोध्या में 40 जगहों पर इनका निर्माण किया जा रहा है। इससे मुख्य मार्ग को और आकर्षण मिलेगा। लोक निर्माण विभाग नौ मीटर लंबी तथा चार मीटर ऊंची 85 दीवारों का निर्माण करा रहा है, जिन पर रामकथा का चित्रण होगा। 30-30 मीटर की दूरी पर इनका निर्माण किया जा रहा है।

### इस मार्ग को दिया गया धर्म पथ का नाम

अयोध्या में लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर साकेत पेट्रोल पंप से लेकर लता मंगेशकर चौक तक के मार्ग को धर्म पथ का नाम दिया गया है। यह रास्ता करीब 2 किमी का है। रामजन्मभूमि को को हाईवे से जोड़ने वाला यही मुख्य रास्ता है। इस रास्ते को सजाने और संवारने का नाम दिया जा रहा है।



### गर्भगृह की तस्वीर भी आई सामने

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को गर्भगृह की तस्वीरें शेयर की है। उसमें लाइटिंग से लेकर तमाम फिटिंग का काम पूरा हो चुका है। दीवार पर खूबसूरत कलाकृतियां की गई हैं और रामायण के अलग-अलग कालखंड को दर्शा रही हैं। भूतल और पहली मंजिल का काम पूरा करने के लिए 31 दिसंबर तक की डेडलाइन दी गई है। इसी डेडलाइन के तहत काम को पूरा किया जाना है।



### 20 से 22 जनवरी तक रामलला के दर्शन नहीं

श्रीराममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में पहले दिन रामजन्मभूमि परिसर में मंदिर समेत निर्माणाधीन दस परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ट्रस्ट की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक 20 से 22 जनवरी तक श्रद्धालु रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान व वीआईपी मूवमेंट के चलते तीन दिन दर्शन पर रोक लगाने की तैयारी हो रही है।

## खबर संक्षेप

### मानवाधिकारों को लेकर भारत सर्वाधिक समृद्ध



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को मुफ्तखोरी की राजनीति पर कहा कि जेबों को नहीं बल्कि इंसानी दिमाग को सशक्त बनाने की जरूरत है। धनखड़ भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश मानवाधिकारों को लेकर समृद्ध नहीं है, जितना अपना देश है। भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प भी मंच पर मौजूद थे।

### भारत दूसरों पर प्रभाव डालने में सक्षम



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भारत दुनिया के विकास का इंजन बन गया है और दूसरे देशों पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम बन गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियान चेंबर्स ऑफ कॉमर्स इंडस्टी (फिक्की) की 96वीं आम सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अब अन्य देशों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालने की स्थिति में पहुंच गया है। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि विकास और वितरणात्मक न्याय के बीच कोई असंगत समझौता नहीं है।

### कच्छ : चार किमी में बनेगा चीता प्रजनन केंद्र



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ के बन्नी में चार वर्ग किलोमीटर में चीता प्रजनन और संरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की अनुमति ली जाएगी, क्योंकि चीता शेड्यूल एक तहत संरक्षित प्राणी है। वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शुक्रवार को कार्यकारी समिति की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसकी निगरानी और प्रबंधन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को सौंपी गई है।

### छेड़छाड़ के दोषी को एक दिन की जेल



**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने महिला से छेड़छाड़ के एक आरोपी को एक दिन जेल की सजा दी है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोप है कि व्यक्ति ने साल 2019 में मुंबई की लोकल ट्रेन में एक महिला से छेड़छाड़ की थी। 4 दिसंबर को आए फैसले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट बीके गवांडे ने कहा कि आरोपी ने जघन्य अपराध किया है इसलिए उन्होंने आरोपी को प्रोबेशन का लाभ नहीं दिया है। खबर के अनुसार पीड़ित महिला अपने भाई के साथ मुंबई की लोकल ट्रेन में 13 अगस्त 2019 को सफर कर रही थी।

## राजस्थान व एमपी में मुख्यमंत्री तय करने भाजपा हाईकमान को परेशानी

**मोदी-शाह को चुनौती दे रही हैं राजे**

# सीएम के लिए जिद पर अड़ीं वसुंधरा! विधायक दल की टल गई बैठक

### सीएम तय करने के लिए बनाए गए पर्यवेक्षक नहीं पहुंचे जयपुर

### कई विधायकों का समर्थन है राजे के पक्ष में

एजेंसी ▸▸| जयपुर

राजस्थान में नए सीएम का मामला लंबा खींचता जा रहा है। खबर है कि बीजेपी विधायक दल की बैठक मंगलवार को होगी। पहले कल सोमवार को बैठक प्रस्तावित थी। लेकिन नए सीएम की खोज के लिए बनाए गए पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, सरोड पांड़े और विनोद तावड़े रविवार को जयपुर नहीं पहुंचे है। ऐसे में माना जा रहा है कि विधायक दल की बैठक मंगलवार को होगी। तर्क यह दिया जा रहा है कि राजनाथ सिंह का लखनऊ में कोई कार्यक्रम है। इसलिए जयपुर नहीं पहुंच पाए है।सियासी जानकारों का कहना है कि वसुंधरा राजे जिद पर अड़ी हुई है। ऐसे में सहमति नहीं बन पाने की वजह से पर्यवेक्षकों का जयपुर आने का दौरा टल गया है। राजनीति विश्लेषकों का कहना है कि वसुंधरा राजे मोदी-शाह को मैडम चुनौती दे रही हैं। मान भी लिया जाए कि राजनाथ सिंह के कार्यक्रमों की वजह से विधायक दल की बैठक टाली जा रही हो, क्योंकि राष्ट्रपति की अगवानी करने के लिए वहां का राज्यपाल, मुख्यमंत्री, और केंद्र से मंत्री भेजे जा सकते हैं।



सियासी जानकारों का कहना है कि बात इतनी सीधी नहीं है कि राजनाथ के पूर्व कार्यक्रमों की वजह से इतनी देरी लग रही हो। दरअसल, पार्टी आलाकमान वसुंधरा राजे के डरा हुआ है। क्योंकि विधायकों का समर्थन वसुंधरा राजे के पक्ष में है। जबकि आलाकमान वसुंधरा राजे को पसंद नहीं कर रहा है। पसंद करता तो सीएम फेस ही घोषित कर देता। लेकिन ऐसा नहीं किया।

### रेस में आधा दर्जन चेहरे

यही वजह है कि वसुंधरा राजे की तुलना में राजस्थान बीजेपी में कोई बड़ा चेहरा नहीं है। राजस्थान में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्वनि वैष्णव, किरोड़ी लाल मीणा, अर्जुन मेघवाल और वसुंधरा राजे समेत आधा दर्जन नाम सीएम की रेस में शामिल है।

### यह विधायक मिलने पहुंचे वसुंधरा से

वसुंधरा राजे के जयपुर पहुंचने की खबर मिलते ही उनके समर्थक विधायक उनके आवास में मिलने के लिए जुट गए। इस दौरान रविवार को डेगाना विधायक अजय सिंह किलक, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग, कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, निंबाहेड़ा विधायक श्री चंद्र कृपलानी, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, गुड़ामालानी से केके बिश्नोई, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, नदबई विधायक जगत सिंह और भादरा विधायक संजीव बेनीवाल वसुंधरा राजे से मिलने पहुंचे गए हैं। इसके अलावा वसुंधरा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रणामी देवी सिंह भाटी राजपाल सिंह शेखावत और प्रहलाद गुंजल भी मिलने पहुंचे हैं।

### सियासत में मची है हलचल

बता दें कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव का परिणाम 3 दिसंबर को आया था। लेकिन इसके बाद भी अभी तक बीजेपी की ओर से नया मुख्यमंत्री तय नहीं हो पाया है। इसको लेकर लगातार राजस्थान की सियासत में हलचल मची हुई है। उधर, भाजपा ने भले ही तीन केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। लेकिन अभी तक विधायक दल की बैठक नही हो पाई है। रविवार को इस बात के कयास थे कि तीनों पर्यवेक्षक सोमवार को विधायक दल की बैठक लेंगे। इसके बाद ही मुख्यमंत्री को लेकर कुछ स्थिति साफ हो पाएगी। लेकिन अब यह बैठक भी खटाई में जाती हुई दिखाई दे रही है।

### मप्र में बैठक के पहले शिवराज की 'सभी को राम-राम'

मध्य प्रदेश में बीजेपी की शानदार जीत के 7 दिन बाद भी सूबे को नया मुख्यमंत्री नहीं मिला है। इसी को लेकर अब नवनिर्वाचित बीजेपी विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। ये बैठक राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर यानी सोमवार को होगी। लेकिन उससे पहले मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर कर हलचल बढ़ा दी है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'सभी को राम राम।



मुख्यमंत्री की एक पोस्ट ने मध्य प्रदेश में फिर से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। माना जा रहा है कि ये पोस्ट और शिवराज का ये अंदाज उनके एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने की तरफ इशारा कर रहा है। और वो एक बार फिर से प्रदेश की कमान संभाल सकते हैं. दरअसल 'राम राम' का इस्तेमाल अभिवादन के साथ साथ विदाई संदेश के लिए भी किया जाता है। आपको बता दें कि बीजेपी ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के लक्ष्मण और सचिव आशा लाकड़ा को मध्य प्रदेश में अपने विधायक दल के नेताओं के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

*मोस्ट वांटेड आतंकी को उठाकर ले गए बंदूकधारी*

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड औरंगजेब पाकिस्तान में किडनैप



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एक रिपोर्ट के अनुसार, जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष आतंकवादी और सीआरपीएफ काफिले पर कुख्यात 2019 पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता मोहिउद्दीन औरंगजेब आलमगीर को हाफिजाबाद (पाकिस्तान) में 'अज्ञात' लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। कथित तौर पर यह घटना तब हुई जब वह डेरा हाजी गुलाम में एक पारिवारिक समारोह में जा रहे थे। अपहरण के लिए जिम्मेदार अज्ञात कार सवारों का पता नहीं चल सका है। मोहिउद्दीन औरंगजेब आलमगीर ने 2019 पुलवामा आतंकी हमले की योजना और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें 40 से अधिक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों की जान चली गई थी। इस हमले से विश्व स्तर पर सदमे की लहर दौड़ गई और भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा।

### शादी समारोह में जाते समय अपहरण

औरंगजेब का कथित अपहरण पाकिस्तान के हफीजाबाद में हुआ, जब वह एक पारिवारिक समारोह में जा रहा था। रिपोर्टों से पता चलता है कि अज्ञात कार सवारों ने उन्हें और उनके एक रिश्तेदार को रोका और उन्हें जबरन हिरासत में ले लिया। औरंगजेब और उसके रिश्तेदार का ठिकाना अज्ञात है, जिससे उनकी सुरक्षा और घटना के संभावित नतीजों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### आईएसआई की छापेमारी

अपहरण के जवाब में, इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और पाकिस्तानी सेना सहित पाकिस्तानी अधिकारियों ने कथित तौर पर अज्ञात अपहरणकर्ताओं को पकड़ने के लिए हाफिजाबाद क्षेत्र में कई छापे मारे हैं। इन प्रयासों के बावजूद, अपराधी पकड़ से बाहर हैं, जिससे स्थिति में रहस्य का माहौल जुड़ गया है। अपहरणकर्ताओं का पता न चल पाना और औरंगजेब की मोटरसाइकिल को एक सुनसान इलाके में छोड़ दिए जाने से स्थिति की तात्कालिकता रेखांकित होती है।

# टेबल पर गड्डियां ही गड्डियां सांसद साहू के यहां जांच जारी





**नई दिल्ली।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड जारी है। इस दौरान अब तक 300 करोड़ से ज्यादा का कैश मिल चुका है। ये छापेमारी कांग्रेस नेता के ओडिशा और झारखंड में स्थित ठिकानों पर की जा रही है। ओडिशा के बलांगीर में इतना कैश मिला है कि पूरी की पूरी टीम को नोट गिनने में लगाया गया है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद कैश की काउंटिंग जारी है। एसबीआई बालांगीर के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि यह किसी एक समूह और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के तहत देश में किसी एजेंसी द्वारा की गई अब तक की सबसे अधिक कैश जब्ती है।

■ 300 करोड़ से ज्यादा का कैश मिल चुका है अब तक

### मामले पर धीरज साहू ने साधी चुप्पी

जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग की कार्रवाई को लेकर सांसद धीरज साहू की ओर से कोई भी बयान सामने नहीं आया है। पीटीआई के हवाले से कहा गया है कि धीरज साहू से इस मामले पर बात करने पर उन्होंने इसपर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। बौध डिस्टिलरी ग्रुप को ईमेल भी किया गया, उसका भी जवाब नहीं आया है।

## केन्या में 'सुमेधा'...



अफ्रीका में चल रही लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना का जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पर पहुंचा। इस दौरान, दोनों देशों के जवान। नौसेना का यह जहाज आधुनिक हथियारों व उन्नत उपकरणों से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह आगमन केन्या में हाल ही में विकसित बंदरगाह पर किसी भी भारतीय नौसेना जहाज द्वारा प्रथम बंदरगाह कॉल का प्रतीक है।

# मायावती ने भतीजे आकाश को घोषित किया उत्तराधिकारी

एजेंसी ▸▸| लखनऊ

बसपा की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। उन्होंने बताया कि यहां बसपा कार्यालय में हुई देश भर के पार्टी नेताओं की बैठक में मायावती ने यह घोषणा की। बसपा के विधान परिषद सदस्य भीम राव आंबेडकर ने भी पुष्टि की कि मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर आकाश आनंद खुद को "बाबा साहब के विजन का युवा समर्थक" कहते हैं।



## सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने की अहम टिप्पणी

# सोशल मीडिया के विकास से समुदायों में बढ़ी असहिष्णुता

### एक पुरस्कार समारोह में बोले- असहिष्णुता की वजह से दुनियाभर में बढ़ रहा है ध्रुवीकरण

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते दायरे और समुदायों में बढ़ती असहिष्णुता की वजह से दुनियाभर में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है और भारत इससे अछूता नहीं है। सीजेआई ने जमनालाल बजाज पुरस्कार समारोह में कहा कि भारत की बहुलवादी संस्कृति और संवाद का माहौल इसे कई उन देशों से अलग बनाता है, जिन्हें उसी अवधि में आजादी मिली थी लेकिन वे लोकतंत्र को बरकरार नहीं रख सके। भारत के साथ-साथ कई अन्य देशों को 75 साल पहले औपनिवेशिक शासन से आजादी मिल गई थी, लेकिन उनमें से कई वास्तविक स्वशासन को प्राप्त करने में नाकाम रहे, जबकि भारत अपने लोकतंत्र को बनाए रखने में सक्षम रहा। उन्होंने कहा कि वैश्वीकृत दुनिया में आज हम जो ध्रुवीकरण देख रहे हैं, वह दाएं और बाएं तथा मध्य के बीच ध्रुवीकरण है, जो हम दुनियाभर में अनुभव करते हैं। भारत कोई अपवाद नहीं है। सीजेआई ने कहा कि सुनने का साहस होने से व्यक्ति यह स्वीकार करता है कि उसके पास सभी सही उत्तर नहीं हो सकते हैं, लेकिन वह उन्हें तलाशने और खोजने के लिए तैयार है।



**कानून अत्यधिक भलाई और मनमानी दोनों का स्रोत**

सीजेआई ने कहा कि ध्रुवीकरण केवल मुक्त बाजारों और प्रौद्योगिकी का परिणाम नहीं है, बल्कि व्यापक लक्ष्य के लिए आत्म बलिदान के वास्तविक मूल्य को पहचानने में समाज की असमर्थता का कारण भी है। उन्होंने समाज में आत्म बलिदान के मूल्य को समझने के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से समाज के भीतर हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए बेहतर भविष्य की खोज में। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां कानून अत्यधिक भलाई का स्रोत हो सकता है, वहीं यह मनमानी का भी स्रोत हो सकता है। उन्होंने कहा कि कानून का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग कौन करता है और यह उन सामाजिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है, जिनमें इसे लागू किया जाता है।

### हम दूसरों की बात नहीं सुन रहे, यही सबसे बड़ी समस्या

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड) विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दूसरों को सुनने की शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। दूसरों को वह स्थान प्रदान करना अत्यधिक मुक्तिदायक है। हमारे समाज के साथ समस्या यह है कि हम दूसरों की बात नहीं सुन रहे हैं, हम केवल अपनी ही सुन रहे हैं। उन्होंने दूसरों की बात सुनने का साहस करने का आग्रह किया।

*विदेशमंत्री एस जयशंकर ने कहा*

# चीन के साथ सीमा विवाद का हमने मजबूती से दिया जवाब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारत और चीन के बीच लंबे अरसे से सीमा विवाद जारी है। सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के बीच कई बार संघर्ष भी हो चुके हैं। इस बीच विदेश मंत्री का कहना है कि उत्तर सीमाओं पर कठिन चुनौतियां हैं। हमने मजबूती के साथ इसका जवाब दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को बताया कि कैसे नरेंद्र मोदी सरकार आत्मविश्वास के साथ एक के बाद एक फैसले लेती है, फिर चाहे वह कितना भी कठिन और मुश्किल क्यों न हो। उन्होंने कहा कि यह हमारी सीमा पर भी हो सकता है। हमें सीमाओं के मामले में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तैनात हैं। भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में तीन वर्षों से अधिक समय से तैनात हैं। वे टकराव की स्थिति में हैं। हमने राजनयिक और सैन्य वार्ताओं के बाद कई क्षेत्रों से अब सैनिकों को वापस बुला लिया है। हमने वैश्विक संकट कोविड के दौरान भी भारत की संकल्प शक्ति देखी।

## खबर संक्षेप

### कोयला आयात चार प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में देश का कोयला आयात 4.2 प्रतिशत घटकर 14.81 करोड़ टन रह गया। यह 15.47 करोड़ टन था। कंपनियों के ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अक्टूबर, 2023 में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 9.45 करोड़ टन था।

### ईवी के लिए सुसंगत नीति का पालन करें सरकार



**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की की इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर गठित समिति की प्रमुख सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा है कि सरकार को मेक इन इंडिया पहल के प्रावधानों को किसी के लिए हल्का नहीं करना चाहिए और एक सुसंगत नीति का पालन करना चाहिए। भारत में अपना कारखाना स्थापित करने के लिए की जा रही विशेष रियायतों की मांग के बीच आया है।

### भारतीय बाजार में बढ़ रहा प्रीमियम उत्पादों का चलन



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सोनी इंडिया ने भारतीय टीवी और ऑडियो बाजार में प्रीमियम उत्पादों की तरफ रुझान बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में 15-20 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद जताई है। सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशक सुनील नैयर ने कहा कि कंपनी की प्रीमियम टेलीविजन श्रेणी इस वृद्धि में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

### अब ट्रकों के केबिन में एसी लगाना होगा अनिवार्य



**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ट्रक चालकों के लिए सफर को सुविधाजनक बनाने के मकसद से अक्टूबर, 2025 से बनने वाले ट्रकों के केबिन में एयरकंडीशनर देना अनिवार्य कर दिया है।एक अक्टूबर, 2025 या उसके बाद बनने वाले एन-2 एवं एन-3 श्रेणी के वाहनों के केबिन में वातानुकूलन प्रणाली (एसी) लगानी होगी।

### इस सप्ताह बढ़ेगी देश में मुद्रास्फीति



**नई दिल्ली।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति बैठक के नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने ऐसी संभावना जताई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगामी सप्ताह में कई महत्वपूर्ण आंकड़े आने हैं।

### विनिवेश के लिए बोलियां आमंत्रित




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने ओएफएस और किस्तों में लघु बिक्री के जरिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के विनिवेश में सरकार की मदद के लिए मर्चेंट बैंकरों और कानूनी सलाहकारों को नियुक्त करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। लेनदेन के आकार के आधार पर चार श्रेणियों - ए प्लस प्लस, ए प्लस, ए और बी के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इसके तहत 2,000 करोड़ रुपए से अधिक के बिक्री प्रस्ताव लेनदेन को 'ए प्लस प्लस' श्रेणी में रखा गया है।

# सरकार फिर दे रही सस्ता सोना खरीदने का मौका, ओपन होगी स्कीम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार की तरफ से फिर से सस्ता गोल्ड खरीदने का मौका दिया जाने वाला है। सरकार इसी महीने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की एक किश्त जारी करेगी। इसके बाद फरवरी में दूसरी किश्त जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि 2023-24 सीरीज-3 इसी महीने 18-22 दिसंबर को खुलेगी। सीरीज-4 के लिए 12-16 फरवरी की तारीख तय है। इससे पहले सीरीज-एक 19-23 जून के बीच और सीरीज-दो 11-15 सितंबर के बीच खुली थी।

■ सरकार इसी महीने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की एक किश्त जारी करेगी

## पहले सीरीज-एक 19-23 जून के बीच और सीरीज-दो 11-15 सितंबर के बीच खुली थी

### एक ग्राम सोने में निवेश करने का विकल्प

योजना के तहत आप कम से कम एक ग्राम सोने में निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा आप अधिकतम चार किलो सोने में निवेश कर सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की कीमत मेंबरशिप अवधि से पहले हफ्ते के अंतिम तीन वर्किंग डे के लिए इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित 999 प्योरिटी वाले सोने के समापन मूल्य के औसत के आधार पर भारतीय रुपए में तय की जाती है।



### केवाईसी प्रक्रिया जरूरी

इस बॉन्ड खरीद के लिए केवाईसी मानदंड वही होंगे जो वास्तविक सोने की खरीद के हैं। केवाईसी दस्तावेज जैसे मतदाता पहचानपत्र, आधार कार्ड/पैन या टैन/पासपोर्ट जरूरी होंगे। प्रत्येक आवेदन के साथ आयकर विभाग, अन्य इकाइयों द्वारा जारी किया गया पैन नंबर लगा होना चाहिए।

### यहां से लिया जा सकता है गोल्ड

बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पोस्ट ऑफिस और मान्य शेयर बाजारों बीएसई व एनएसई के जरिए की जाएगी। परंपरागत सोने की मांग कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से के तौर पर गोल्ड बॉन्ड की बिक्री को सबसे पहले नवंबर, 2015 में शुरू किया गया था। गोल्ड बॉन्ड का मैच्योरिटी पीरियड आठ साल होगा लेकिन इसे पांच साल पूरा होने पर निकालने का ऑप्शन भी होगा। मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि ऑनलाइन मेंबरशिप लेने वाले और डिजिटल मोड के जरिए भुगतान करने वाले निवेशकों के लिए एसजीबी का इश्यू प्राइस 50 रुपए प्रति ग्राम कम होगा। रिजर्व बैंक, भारत सरकार की तरफ से बॉन्ड जारी करता है।

## शेयर बाजार में एक के बाद एक नए आईपीओ आने का क्रम जारी

# निवेश का सुनहरा अवसर, बाजार में आएंगे 2500 करोड़ के आईपीओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में एक के बाद एक नए आईपीओ आने का क्रम जारी है। आने वाले हफ्ते में कई कंपनियां मेन बोर्ड के साथ एसएमई आईपीओ लेकर आने जा रही है। ये कंपनियां कुल मिलाकर करीब 2,500 करोड़ रुपए आईपीओ के जरिए शेयर बाजार से जुटाएंगी।

### डोम्स इंडस्ट्रीज आईपीओ

डोम्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ 13 से लेकर 15 दिसंबर के बीच खुलेगा। इस आईपीओ में 350 करोड़ रुपए का फ्रैश इश्यू और 850 करोड़ रुपए का ओएफएस शामिल है। इस ओएफएस में कंपनी के प्रमोटर्स की ओर से शेयरों की बिक्री की जा रही है। डोम्स इंडस्ट्रीज स्टेशनरी और आर्ट कारोबार में है। कंपनी भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 40 देशों में व्यापार करती है।

### प्रेसस्टोनिक इंजीनियरिंग का आईपीओ

प्रेसस्टोनिक इंजीनियरिंग का आईपीओ 23 करोड़ का होगा। 32.36 लाख शेयरों का ये पब्लिक इश्यू पूरी तरह से फ्रैश इश्यू होगा। इस आईपीओ के लिए 11 और 13 दिसंबर तक बोली लगा सकते हैं। एसजे लॉजिस्टिक्स का आईपीओ 12 से 14 दिसंबर के बीच खुलेगा। इस इश्यू का साइज 48 करोड़ का है।

## 32.36 लाख शेयरों के पब्लिक इश्यू पूरी तरह से फ्रेश




*ये एसएमई आईपीओ होंगे लॉन्च : प्रेसस्टोनिक इंजीनियरिंग, एसजे लॉजिस्टिक्स, ओएसएफएम ई-मोबिलिटी और सियाराम रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज के आईपीओ भी अगले हफ्ते आने जा रहे हैं।*

### इंडिया शेल्टर फाइनेंस

इंडिया शेल्टर फाइनेंस का आईपीओ भी 13 दिसंबर को खुलेगा और आम निवेशक इसमें 15 दिसंबर तक बोली लगा सकते हैं। ये इश्यू कुल 1,200 करोड़ रुपए का होगा। इसमें से 800 करोड़ का फ्रैश इश्यू होगा, जबकि 400 करोड़ रुपए का ओएफएस होगा। इसका प्राइस बैंड 469 से लेकर 473 रुपए तय किया गया है। इसका लॉट साइज 30 शेयर का है। इंडिया शेल्टर फाइनेंस एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है और ये 50 लाख रुपए तक के घरों को फाइनेंस करती है।

### सियाराम रीसाइक्लिंग का आईपीओ 14 से

श्रीओएसएफएम ई-मोबिलिटी और सियाराम रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज का आईपीओ 14 से 18 दिसंबर को खुलेगा। ओएसएफएम ई-मोबिलिटी का पब्लिक इश्यू का साइज 24 करोड़ रुपये का होगा और इसका प्राइस बैंड 65 रुपए तय किया गया है। वहीं, सियाराम रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज का आईपीओ का साइज 23 करोड़ रुपए का होगा और इस प्राइस बैंड 43 रुपए से लेकर 46 रुपए तय किया गया है।

### 7 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और एलआईसी में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,04,477.25 करोड़ रुपए बढ़ गया। इसके पीछे शेयर बाजार में जारी तेजी की अहम भूमिका रही। पिछले सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,344.41 अंक यानी 3.47 प्रतिशत बढ़ गया। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 69,825.60 अंक पर पहुंच गया।

# निवेशकों की चांदी, एफपीआई ने किया 26,505 करोड़ का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने के पहले छह कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी बाजारों में 26,505 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसे तीन राज्यों में भाजपा की चुनावी जीत और मजबूत आर्थिक आंकड़ों का असर माना जा रहा है। इसके पहले अक्टूबर में एफपीआई ने 9,000 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त और सितंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 39,300 करोड़ रुपए की निकासी की थी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि आगे भी एफपीआई का निवेश प्रवाह जारी रहने की संभावना है।

■ अक्टूबर में एफपीआई ने किया था 9 हजार करोड़ का शुद्ध निवेश

### निवेश प्रवाह जारी रहने की संभावना

आएफपीआई ने दिसंबर महीने में आठ तारीख तक भारतीय इक्विटी में 26,505 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एफपीआई प्रवाह को तेजी देने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि इससे आगे चलकर राजनीतिक स्थिरता का संकेत मिलता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि की रफ्तार, मुद्रास्फीति में गिरावट, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार कमी और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी ने हालात को भारत के पक्ष में बदल दिया है।

### अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सह निदेशक- शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अगले साल की पहली तिमाही से ब्याज दर में कटौती का संकेत दिया है, जो ब्याज दर में तेजी का दौर खत्म होने का इशारा करता है। रुख में इस बदलाव से अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड के प्रतिफल में आई गिरावट ने विदेशी निवेशकों को भारतीय इक्विटी बाजारों में निवेश के लिए प्रेरित किया है। एफपीआई अग्रणी बैंकों को लेकर फिर से खरीदार बन गए हैं, जहां पहले वे बिकवाल बने हुए थे।

# बासमती चावल सहित कृषि वस्तुओं का निर्यात में आई कमी, रहा 17.93 लाख टन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बासमती चावल एवं अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात इस साल सितंबर में घटकर 17.93 लाख टन रह गया, जो उसके एक महीने पहले 27.94 लाख टन था।

कृषि निर्यात प्रोत्साहन निकाय एपीडा के मुताबिक, चावल की विभिन्न किस्मों पर प्रतिबंध, घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाने से कुछ कृषि वस्तुओं के निर्यात पर असर पड़ा है। अप्रैल और मई में कृषि उत्पादों का निर्यात लगभग 33 लाख टन रहा था। लेकिन टूटे हुए चावल और गैर-बासमती सफेद चावल जैसी चावल की विभिन्न किस्मों के निर्यात पर बंदिशें लगने से कृषि वस्तुओं का निर्यात सितंबर में घटकर करीब 18 लाख टन पर आ गया।

■ बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाने से कुछ कृषि वस्तुओं के निर्यात पर असर पड़ा

### निर्यात घटकर 14,153 करोड़ रुपए रहा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के अगस्त महीने में कृषि वस्तुओं का निर्यात 27.94 लाख टन था। मूल्य के लिहाज से कृषि वस्तुओं का निर्यात सितंबर के दौरान घटकर 14,153 करोड़ रुपए रह गया, जो अगस्त में 18,128 करोड़ रुपए था। आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में गैर-बासमती चावल का निर्यात 4.25 लाख टन, बासमती चावल का 1.21 लाख टन, ताजा प्याज का 1.51 लाख टन और भैंस के मांस का 1,21,427 टन निर्यात हुआ। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कृषि वस्तुओं का कुल निर्यात 172.27 लाख टन रहा।

■ रिपोर्ट में कहा गया कि नीतिगत रेपो दर में अगले साल कटौती होने से घर खरीदने की सामर्थ्य बढ़ेगी

# कीमत बढ़ने और कर्ज महंगा होने से लोग नहीं खरीदे पा रहे आशियाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरों की कीमतें बढ़ने और कर्ज महंगा होने से पिछले दो साल में देश के सात प्रमुख शहरों में लोगों की घर खरीदने की सामर्थ्य प्रभावित हुई है लेकिन अगले साल रेपो दर कम होने पर हालात सुधर सकते हैं।

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी जेएलएल इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। इसमें उम्मीद जताई गई है कि नीतिगत रेपो दर में अगले साल कटौती होने से घर खरीद सामर्थ्य बढ़ेगी। इससे घरों की बिक्री को और बढ़ावा मिलेगा। हालांकि आवासीय संपत्ति की कीमतों में वृद्धि और आवास ऋण पर ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद बीते दो वर्षों में घरों की बिक्री बढ़ी है। परामर्श फर्म ने अपना 'घर खरीद सामर्थ्य सूचकांक' (एचपीएआई) जारी किया।



### वैश्विक मंदी बढ़ी

इस सूचकांक से पता चलता है कि औसत वार्षिक आय (समग्र शहर स्तर पर) कमाने वाला एक परिवार मौजूदा बाजार मूल्य पर शहर में संपत्ति पर आवास ऋण के लिए पात्र है या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मंदी और मुद्रास्फीति के रुझानों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साल 2022 में रेपो दर बढ़ाने और मजबूत मांग से कीमतों में बढ़ोतरी होने से घर खरीदने की सामर्थ्य घटी।

### सिप्ला ने अमेरिका से मंगाया दवा पैकेट वापस

**नई दिल्ली।** दवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सिप्ला की एक अनुषंगी ने पैकेट की सील सही से लगी नहीं होने पर अमेरिका में अपनी एक खेप वापस मंगाई है। मुंबई में मुख्यालय वाली दवा कंपनी ने कहा कि अमेरिका में इन्वाजेन फार्मास्युटिकल्स विगाबैट्रिन फॉर ओरल सॉल्युशन, यूएसपी दवा की सील सही से नहीं लगी होने के मामले के बाद खुद ही उपभोक्ता स्तर पर इसकी एक खेप वापस मंगा रही है। सील टूटने के कारण पैकेट से पाउडर फैलने लगा था।इसमें कहा गया कि पैकेट की सील सही से बंद नहीं होने से इसके अंदर से पाउडर गिरने का डर होता है, जिससे उसका वजन कम हो जाएगा है। सिप्ला ने कहा कि प्राथमिक रूप से इससे नवजात और युवा बच्चे प्रभावित हो सकते हैं।

■ लगने वाले समय और ईंधन खपत में कमी आएगी

# दिल्ली हवाई अड्डे पर टैक्सीवे के इस्तेमाल से बचेंगे 150-180 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हवाई अड्डे पर बने ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे का इस्तेमाल करने से एयरलाइंस को सालाना लगभग 150-180 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। हवाई अड्डे के एक शीर्ष अधिकारी ने यह अनुमान जताया है। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डॉयल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि अगर 10-15 प्रतिशत विमान भी इस टैक्सी का इस्तेमाल करते हैं तो करीब 55,000 टन कार्बनडाई ऑक्साइड की बचत हो सकती है। हवाईपट्टी पर जाने में लगने वाले समय और ईंधन खपत में कमी आने से एयरलाइंस 150 करोड़ रुपए से लेकर 180 करोड़ रुपए तक की बचत कर सकती हैं। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतिदिन 1,500 विमानों की आवाजाही होती है। इस हवाई अड्डे पर कुछ महीने पहले ही 2.1 किलोमीटर लंबा ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे (ईसीटी) बना है, जो चौड़े आकार वाले विमानों को भी संभाल सकता है।

## अप्रिलिया आरएस 457 लॉन्च



**नई दिल्ली।** इतालवी मोटरसाइकिल निर्माता अप्रिलिया ने भारतीय दोपहिया बाजार के लिए अपनी सबसे प्रतीक्षित मोटरसाइकिल बिल्कुल नई अप्रिलिया आरएस 457 लॉन्च की है। इसकी शोरूम कीमत 4.10 लाख रुपए है। आरएस 457 को पहली बार भारत में कुछ महीने पहले प्रदर्शित किया गया था। इसके बाद मोटोजीपी भारत 2023 में इसकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति हुई। अप्रिलिया भारत में आरएस 457 का उत्पादन करेगी। लेकिन इसे पहली बार यूएसए में लॉन्च किया गया था।

## पिछले साल के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 1,099.90 अरब यूनिट हो गई

# औद्योगिक गतिविधियां तेज होने से बढ़ी बिजली खपत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बिजली की खपत पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 1,099.90 अरब यूनिट हो गई, जो आर्थिक गतिविधियों में उछाल को दर्शाती है।

अप्रैल-नवंबर 2022-23 में देश में बिजली की खपत 1,010.20 अरब यूनिट रही थी। इसके पहले 2021-22 की समान अवधि में यह आंकड़ा 916.52 अरब यूनिट था। वित्त वर्ष 2022-23 की समूची अवधि में बिजली की खपत 1,504.26 अरब यूनिट थी, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 1,374.02 अरब यूनिट थी। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बिजली की खपत में लगभग नौ प्रतिशत की वृद्धि अर्थव्यवस्था में उछाल को दर्शाती है।

### नौ वर्षों में 194 गीगावाट बिजली क्षमता जोड़ने में सफल

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस साल गर्मियों के दौरान देश के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश होने से मार्च, अप्रैल, मई और जून में बिजली की खपत प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में उमस रहने और त्योहारी मांग की वजह से औद्योगिक गतिविधियां तेज होने से बिजली की खपत बढ़ी। केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में लोकसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 तक बिजली की मांग में 50.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि बिजली की अधिकतम मांग 2013-14 में 136 गीगावाट थी, जो सितंबर, 2023 में 243 गीगावाट पर पहुंच गई। उन्होंने सदन में कहा था कि सरकार बीते नौ वर्षों में 194 गीगावाट बिजली क्षमता जोड़ने में सफल रही है।



### अधिकतम मांग जून में 224.1 गीगावाट के पहुंची थी

बिजली मंत्रालय का अनुमान था कि गर्मियों के दौरान देश की बिजली की अधिकतम मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। लेकिन बेमौसम बारिश होने से अप्रैल-जुलाई में मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई थी।

हालांकि बिजली की अधिकतम मांग जून में 224.1 गीगावाट के नए शिखर पर पहुंच गई थी लेकिन जुलाई में यह गिरकर 209.03 गीगावाट पर आ गई। अगस्त में अधिकतम मांग 238.82 गीगावाट तक पहुंच गई। इस साल सितंबर में यह 243.27 गीगावाट की रिकॉर्ड ऊंचाई पर था। लेकिन अक्टूबर में अधिकतम मांग 222.16 गीगावाट और नवंबर में 204.86 गीगावाट रही।

### ऋण प्रतिभूतियों के लिए सेबी लाएगा फास्ट ट्रैक सिस्टम




**नई दिल्ली।** बॉन्ड बाजार को मजबूत करने के लिए बाजार नियामक सेबी ऋण प्रतिभूतियों के लिए फास्ट ट्रैक सार्वजनिक निर्गम की संकल्पना लाने पर विचार कर रहा है। इसके साथ ही निजी आवंटन के आधार पर जारी गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र सहित ऋण प्रतिभूतियों के अंकित मूल्य को मौजूदा एक लाख रुपए से घटाकर 10 हजार रुपए करने पर भी विचार चल रहा है। यदि इन प्रस्तावों को लागू किया जाता है, तो इससे कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

# टी20 विश्व कप से पहले युवाओं को आजमाने के लिए सिर्फ पांच मैच बाकी

एजेंसी ⏭ गक्बेरहा

पहला मैच बारिश की भेंट होने की वजह से भारत के युवा खिलाड़ियों के पास से टी20 विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी पुख्ता करने का एक मौका निकल गया। भारतीय टीम प्रबंधन मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में मौसम साफ रहने की दुआ कर रहा होगा। डरबन में रविवार को मैच में टॉस भी नहीं हो सका और दूसरे मैच में भी बारिश का पूर्वानुमान है। अब जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत को इस प्रारूप में सिर्फ पांच मैच और खेलने हैं और टीम प्रबंधन के पास खिलाड़ियों को आजमाने के लिए बस इतने ही मैच बचे हैं। मौजूदा हालात में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन का मुख्य आधार आईपीएल होगा।

- द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टी20 मैच आज रात 8.30 बजे



### गिल, सूर्य और रिंकू की जगह तय

चयनकर्ताओं ने इस श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम चुनी थी और अब यह संभव नहीं लग रहा कि बाकी दो मैचों में सभी 17 खिलाड़ियों को मौका मिल सकेगा। विश्व कप के ठीक बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टी20 श्रृंखला में शुभमन गिल टीम का हिस्सा नहीं थे। छह महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप में उनकी, सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह की जगह तो लगभग तय है। यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ ने रन बनाए हैं लेकिन अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली विश्व कप खेलते हैं तो इन दोनों युवाओं को आईपीएल में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

### जितेश अच्छे फिनिशर

विश्व कप से पहले इसके बाद भारतीय टीम को सिर्फ अफगानिस्तान से घरेलू श्रृंखला खेलनी है। ऐसे में विश्व कप टीम के चयन का आधार आईपीएल ही रखने के लिए चयनकर्ता मजबूर होंगे। रिंकू की तरह जितेश वर्मा भी टी20 प्रारूप में अच्छे फिनिशर हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद वह इसे दोहराना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीकी पिचों की अतिरिक्त उछाल युवा भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है।



### स्पिनर भी तय

गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह का विश्व कप टीम में चयन तय है। इस श्रृंखला के लिए दीपक चाहर का चयन हुआ था लेकिन निजी कारणों से वह नहीं आ सके। कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई स्पिन का मोर्चा संभालेंगे जबकि रविंद्र जडेजा विश्व कप के बाद ब्रेक पर हैं।

### अफ्रीका का हाल भी भारत जैसा

भारत की ही तरह दक्षिण अफ्रीका के पास भी विश्व कप से पहले पांच ही मैच बचे हैं। पहले दो मैचों के लिए मार्को जेनसन और गेराल्ड कोत्जी का चयन हुआ है। पहला मैच बारिश में धुल गया और अब टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करने से पहले उनके पास एक ही मैच बचा है।

## खबर संक्षेप



### खेल मंत्री से मिले बजरंग और साक्षी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सोमवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले और उनसे एक बार फिर आग्रह किया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय महासंघ के आगामी चुनाव लड़ने से रोका जाए। डब्ल्यूएफआई के बहुप्रतीक्षित चुनाव 21 दिसंबर को महासंघ की आम सभा की बैठक में होने हैं और इसी दिन नतीजों की घोषणा भी की जाएगी। बजरंग और साक्षी उन पहलवानों में शामिल थे जिन्होंने दो महीने तक बृज भूषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की अगुआई की थी।

### बारिश के दौरान पूरा मैदान ढके सीएसए

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बारिश के कारण पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द होने के बाद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को सलाह दी है कि वे ईडन गार्डन्स से सीख लें। गावस्कर ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट बोर्ड को बारिश के दौरान ईडन की तरह पूरे मैदान को ढकना चाहिए जिससे कि नुकसान कम से कम हो।



### अगले साल अच्छा प्रदर्शन करना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह के शानदार प्रदर्शन ने अश्विनी पोनप्पा के ओलंपिक में खेलने के सपनों को पंख लगा दिए हैं और भारत की यह स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पेरिस में होने वाले खेल महाकुंभ में जगह बनाने के लिए आगामी बड़ी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। चौतीस वर्ष की अश्विनी और 20 साल की तनीषा क्रास्टो ने इस साल जनवरी में जोड़ी बनाई थी।



### क्रिकेट : बाबा इंद्रजीत ने शतक और विजय शंकर ने ठोका अर्धशतक

# विजय हजारे : राजस्थान सेमीफाइनल में पहुंचा, केरल को 200 रन से हराया

एजेंसी ⏭ राजकोट

बाबा इंद्रजीत के शतक और विजय शंकर के अर्धशतक की मदद से तमिलनाडु ने सोमवार को यहां मुंबई को सात विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु पहले सेमीफाइनल में हरियाणा का सामना करेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में बंगाल को चार विकेट से हराया।

दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और राजस्थान के बीच खेला जाएगा। कर्नाटक ने विदर्भ को सात विकेट से जबकि राजस्थान ने केरल को 200 रन से हराया। तमिलनाडु के अनुभवी स्पिनर आर साई किशोर और आईपीएल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट लिए और मुंबई को 48.3 ओवर में 227 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई।

तमिलनाडु के गेंदबाजों ने केवल 53 रन के अंदर छह विकेट लेकर मुंबई की पारी का अंत किया। पूर्व भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे फिर से नहीं चल पाए और केवल एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके जवाब में तमिलनाडु किसी भी समय दबाव में नहीं दिखा जबकि उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 103 रन था। इसके बाद इंद्रजीत (98 गेंद पर नाबाद 103 रन) और विजय शंकर (58 गेंद पर नाबाद 51 रन) ने 126 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



### केरल 67 रन पर ढेर

एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में राजस्थान ने महिपाल लोमरोर के नाबाद 122 रन की मदद से आठ विकेट पर 267 रन बनाए। इसके जवाब में केरल की टीम 67 रन पर ढेर हो गई। राजस्थान की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी ने 26 रन देकर चार और एक अन्य तेज गेंदबाज अराफात खान ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

### जीता कर्नाटक

कर्नाटक ने विशाक विजय कुमार के चार विकेट की मदद से विदर्भ को 173 रन पर आउट किया तथा फिर कप्तान मयंक अग्रवाल (51) और रवि कुमार समर्थ (नाबाद 72) के अर्धशतकों से 40.3 ओवर में तीन विकेट पर 177 रन बनाकर 7 विकेट से आसान जीत दर्ज की।

### चहल ने झटके चार विकेट



युजवेंद्र चहल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से पहले अच्छा प्रदर्शन करके 37 रन देकर चार विकेट लिए जिससे हरियाणा ने बंगाल को चार विकेट से पराजित किया। बंगाल की टीम शाहबाज अहमद के 100 रन के बावजूद निर्धारित 50 ओवर में 225 रन ही बना पाई। इसके जवाब में हरियाणा का स्कोर एक समय दो विकेट पर 14 रन था लेकिन अंकित कुमार (102) और अशोक मेनारिया (39) ने तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### आईसीसी अंडर 19 विश्व कप

# 20 जनवरी को बांग्लादेश से भारत का पहला मुकाबला



**ग्रुपवार टीमें**

- ग्रुप ए : भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड, अमेरिका।
- ग्रुप बी : इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, स्कॉटलैंड।
- ग्रुप सी : ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नामीबिया, जिम्बाब्वे।
- ग्रुप डी : अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, नेपाल।

एजेंसी ⏭ दुबई

भारत आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में अपना पहला मैच 20 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोनटेन में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को इस प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम जारी किया।

पहले यह टूर्नामेंट श्रीलंका में आयोजित किया जाना था लेकिन आईसीसी ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण उसके क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया और फिर अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौंप दी। इस कारण प्रतियोगिता का नया कार्यक्रम जारी करना पड़ा। भारतीय टीम को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश के बाद भारतीय टीम का सामना 25 जनवरी को ब्लोमफोनटेन में आयरलैंड से होगा। वह अपना आखिरी लीग मैच इसी स्थान पर 28 जनवरी को अमेरिका से खेलेगी।

टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जनवरी को दो मैचों से होगी जिसमें आयरलैंड का सामना अमेरिका से और वेस्टइंडीज का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेंगी जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है।

## आईपीएल नीलामी में शामिल होंगे 333 खिलाड़ी, 77 का होगा चयन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*इंडियन प्रीमियर लीग की 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली नीलामी में 77 स्थान के लिए कुल 333 खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव, हर्षल पटेल और शार्दुल ठाकुर भी शामिल हैं जिन्हें दो करोड़ रुपए के सर्वाधिक आधार मूल्य वर्ग में रखा गया है। हर्षल को दो साल पहले आईपीएल नीलामी में 10.75 करोड़ रुपए की मोटी धनराशि में खरीदा गया था। आईपीएल संचालन परिषद ने फ्रेंचाइजी को 1166 खिलाड़ियों की सूची सौंपी थी। फ्रेंचाइजी की सलाह के बाद इन खिलाड़ियों की संख्या 333 कर दी गई। इनमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। इस नीलामी में सभी 10 फ्रेंचाइजी कुल 262.95 करोड़ रुपए खर्च कर सकती हैं। जो 77 स्थान उपलब्ध है उनमें से 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।*



### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से असद ने लिया संन्यास

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया चूंकि उन्हें महसूस हो रहा था कि खेल के लिए उनके जुनून में कमी आई है। सैंतीस वर्ष के शफीक ने रविवार को यह ऐलान किया। उन्होंने राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में कराची व्हाइट्स को खिताब दिलाने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे अब क्रिकेट खेलने को लेकर पहले सा रोमांच या जुनून महसूस नहीं हो रहा और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए फिटनेस का स्तर भी वैसा नहीं रह गया है। इसीलिए मैंने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है।'



# भारतीय हॉकी टीमें पांच देशों के टूर्नामेंट के लिए स्पेन रवाना

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने स्पेन रवाना हो गई। पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरें टीम की एफआईएच रैंकिंग में सुधार पर होंगी जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियों को दूर करने पर फोकस करेंगी।

दोनों टीमें 15 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगी। पुरुष टीम के लिए यह दौरा 2023-24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिए अहम है। भारत को स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से खेलना है।

महिला टीम 13 जनवरी से रांची में ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी जिसकी तैयारी के लिए यह टूर्नामेंट अहम है। महिला टीम पहले मैच में स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम से, 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी। पुरुष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस से खेलेगी।



### हर्टले-बशीर की स्पिन जोड़ी टीम में शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों को चुना है जिसमें टॉम हर्टले और बशीर की स्पिन जोड़ी भी शामिल है जिसे पदार्पण का इंतजार है। ऑफ स्पिनर हर्टले और बशीर दोनों इंग्लैंड लॉयन्स टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में ट्रेनिंग की। समरसेट के लिए खेलने वाले 20 साल के बशीर ने इस साल जून में पदार्पण करने के बाद छह प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 10 विकेट चटकाए हैं। टीम में शामिल दो अन्य विशेषज्ञ स्पिनर जैक लीच और लेग स्पिनर रेहान अहमद हैं।

Entertainment News



## शिल्पा पर चढ़ा उर्फी जावेद का रंग

उर्फी जावेद की ड्रेसिंग सेंस को लेकर चर्चा रहती है और कई बार वो ट्रोल होती रहती हैं। लेकिन इस वक्त शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने ऐसा लुक दिखा दिया है कि लोग उनकी तुलना उर्फी जावेद से कर रहे हैं। शिल्पा शेट्टी का ये वीडियो पैपराजी पेज पर साझा किया गया था और इस वक्त इसको लेकर चर्चा है। वीडियो में आप देखेंगे कि किस तरह शिल्पा ने अपने लुक काफी बोल्ड कर दिया है। शिल्पा शेट्टी के कपड़ों की बात करें तो उन्होने ब्रालेस होकर एक कपड़े से अपने लुक संजोया है। ऊपर उन्होने जरा से कपड़े से अपने लुक को पूरा किया है तो वहीं नीचे सामने से खुली ड्रेल में वो सेक्सी लग रही हैं। बैकलेस लुक में शिल्पा शेट्टी घूम घूमकर लोगों का दिल जीत रही हैं। शिल्पा शेट्टी का ये लुक जैसे ही सामने आया लोग कई तरह की बातें कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शिल्पा शेट्टी की तस्वीरें और वीडियो काफी तेजी से वायरल होते हैं। इन तस्वीरों और वीडियो को देखने के बाद फैंस पर शिल्पा शेट्टी का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। इसके साथ ही कमेंट सेक्शन में भी लोग शिल्पा के बोल्डनेस के दीवाने दिखाई दे रहा है।

## कबीर बेदी को मिला इटली से सम्मान



कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके हैं। कबीर इटली में भी काफी मशहूर हैं। उन्होंने कई इटालियन फिल्मों में काम किया है। हाल ही में, अभिनेता को इटली के सर्वोच्च सम्मानों में से एक द ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया है। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडियन में आयोजित हुए इस अवॉर्ड सेरेमनी में कबीर बेदी की पूरी फैमिली मौजूद रही। कबीर ने पोती अलाया फर्नीचरवाला और बेटी पूजा बेदी के साथ सोशल मीडिया पर अवॉर्ड सेरेमनी की तस्वीरें शेयर कीं। साथ ही उन्होंने एक नोट लिखकर इस अवॉर्ड मिलने पर खुशी जाहिर की है। कबीर बेदी ने अवॉर्ड सेरेमनी की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, इटली के सर्वोच्च सम्मानों में से एक द ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के सामने एक निजी समारोह में मुझे सबसे प्रतिष्ठित इतालवी नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ मेरिट ऑफ द इटालियन रिपब्लिक (मेरिटो डेला रिपब्लिका इटालियाना) से सम्मानित किया गया। यह मेरे लिए बहुत भावनात्मक पुरस्कार था।

## बहू ऐश्वर्या राय से मतभेद की खबरों के बीच अमिताभ ने फिर कसा तंज



बॉलीवुड का सबसे संपन्न और खुशहाल परिवार बच्चन फैमिली में कथित तौर पर इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच नाराजगी की खबरें फिल्मी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हाल ही में पूरी बच्चन फैमिली 'द आर्चीज' के प्रीमियर पर पहुंची थी, जहां की वीडियो देख कई लोगों ने दावा किया कि जया बच्चन और श्वेता नंदा ने ऐश्वर्या राय को इग्नोर करने की कोशिश की। वहीं ऐश्वर्या की उंगली में शादी की अंगूठी नजर नहीं आने कई तरह की बातें बनने लगी हैं। कहा जा रहा है कि 'द आर्चीज' के लॉन्च के बाद अमिताभ ने बहू ऐश्वर्या को अनफॉलो कर दिया है। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट किया, जिसे उनके घरेलू विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

**बिग बी ने शेयर की क्रिप्टिक पोस्ट**

अमिताभ बच्चन ने अपने माइक्रो-ब्लॉगिंग हैंडल पर एक ट्वीट शेयर किया है जिसमें लिखा था, सब कुछ कहा, सब कुछ किया .. इसलिए जो किया वह किया और जो किया वह किया .. उन्होंने पोस्ट के साथ अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर भी शेयर की है। हालांकि अमिताभ और बच्चन परिवार ने अभी तक ऐश्वर्या को अनफॉलो करने की अफवाहों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। बता दें कि अमिताभ बच्चन 74 इंस्टाग्राम अकाउंट से जुड़े हुए हैं।

Bollywood Update



# फिर साथ दिखे टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी

टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी ब्रेकअप और मूवऑन की खबरों के बाद साथ कम ही नजर आते हैं। दोनों ही अपनी लाइफ में आगे बढ़ गए हैं। जहां दिशा पाटनी अक्सर अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग नजर आती हैं, वहीं टाइगर के भी रिलेशन में होने की चर्चा है। वैसे हाल में ही दोनों काफी दिनों बाद साथ नजर आए हैं। दोनों के इस मिलन के पीछे किसी और का नहीं बल्कि खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार का हाथ है। अब आप सोच रहे होंगे कि क्या दोनों का पैचअप हो गया है और हुआ तो इसमें अक्षय कुमार का क्या रोल है? असल में पूरा माजरा क्या है ये आपको इस खबर में पढ़ने को मिलेगा।



अगर बता करें टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी के पैचअप की तो ये हरगिज नहीं हुआ है। दोनों एक साथ वालीबॉल खेलने के लिए दिखे थे, जिसका आयोजन अक्षय कुमार ने किया था। हाल में ही अक्षय ने इस वालीबॉल मैच का एक वीडियो पोस्ट किया है। इसके कैप्शन में अक्षय कुमार ने लिखा, प्रो कबड्डी लीग की शुरुआत से ठीक पहले अपने बंगाल वॉरियर्स के साथ वालीबॉल का एक दोस्ताना खेल खेलने का मौका मिला। आप लोगों को अब तक लीग में चमकते हुए देखकर खुशी हुई।

**अक्षय कुमार से है अच्छा बॉन्ड**

बता दें, टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी दोनों ही अक्षय कुमार के साथ एक अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। टाइगर श्रॉफ अक्सर अक्षय कुमार के घर पर उनके साथ वालीबॉल खेलने जाते हैं। इनके कई वीडियो पहले भी वायरल हुए थे। वहीं दिशा पाटनी भी जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू जंगल में नजर आने वाली हैं।

**इन फिल्मों में दिखेंगे टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी**

टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी के वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी साउथ सुपरस्टार सूर्या संग फिल्म सूर्या 42 में काम कर रही हैं। इसके अलावा उनके पास करण जौहर की फिल्म योद्धा भी है। दिशा के साथ इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना भी नजर आएंगे। इसके अलावा टाइगर भी अक्षय कुमार के साथ छोटे मियां बड़े मियां में नजर आएंगे। दोनों ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में कई तगड़े एक्शन सीन्स देखने को मिलेंगे।

## सामंथा रुथ प्रभु ने अब फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में रखा कदम

साउथ फिल्मों की सुपरस्टार और बॉलीवुड में जल्द ही छाने वाली एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने अपने करियर के नए चैप्टर की शुरुआत कर दी है। जी हां, उन्होंने इंस्टाग्राम पर चौंकाने वाली खबर से सभी को हैरान कर दिया। सामंथा ने बताया कि वो अब एक प्रोड्यूसर भी हैं। सामंथा ने अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स के लॉन्च का ऐलान कर दिया है। उन्होंने अपनी ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स के बारे में एक वीडियो पोस्ट किया, जो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो गया। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, 'हमारा उद्देश्य फिल्म निर्माताओं को ऐसी कहानियां बताने के लिए एक मंच प्रदान करना है जो सार्थक, प्रामाणिक और सार्वभौमिक हों।

**प्रोडक्शन हाउस किया लॉन्च**

सामंथा और मंडोआ मीडिया वर्क्स के बीच रचनात्मक तालमेल से पैदा हुई ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स खुद को एक ऐसे मंच के रूप में देखती है जो पारंपरिक कहानी कहने से परे है। ट्रालाला का मुख्य ध्यान नए युग, अभिव्यक्ति और विचार की प्रतिनिधि सामग्री तैयार करना है। यह एक पोषण स्थान है, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने की ताकत और जटिलता को प्रतिबिंबित करने वाली कहानियों को आमंत्रित और प्रोत्साहित करता है। उनके पार्टनर और मंडोआ मीडिया वर्क्स के संस्थापक,



हिमांक डुवुरु ने कहा, 'हम मनोरंजन और शोबिज की दुनिया में इतने व्यापक अनुभव वाले किसी व्यक्ति के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं।



## वृषिका मेहता ने जिंदगी भर के लिए थामा बॉयफ्रेंड का हाथ

पॉपुलर एक्ट्रेस वृषिका मेहता ने फैंस को एक बड़ी गुड न्यूज़ दी है। 'दिल दोस्ती डांस' फेम एक्ट्रेस ने अब अपनी



लाइफ की नई जर्नी शुरू की है। वृषिका मेहता ने अपने बॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया संग शादी रचा ली है। एक्ट्रेस ने खुद फैंस को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी शादी का ऐलान कर इस दिन की ढेर सारी खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं और एक बेहद शानदार वीडियो भी फैंस के लिए पोस्ट किया है।

**सेलेब्स ने दी बधाई**

अब एक्ट्रेस का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस ड्रीम वेडिंग को देख फैंस भी खुशी से झूम उठे हैं। सभी लोग अब वृषिका मेहता और सौरभ घेडिया को इस शादी के लिए मुबारकबाद देते हुए नज़र आ रहे हैं। फैंस के अलावा टीवी जगत की सभी जान-मानी हस्तियों ने इस न्यूली मैरिड कपल पर अपना प्यार लुटाया है।

## जब विलन के रूप में छा गए थे आमिर खान, की थी करोड़ों की कमाई

आमिर खान बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट माने जाते हैं।



उन्होंने अपने अब तक के करियर में तमाम हिट फिल्में दी हैं। आमिर खान ने यूं तो अपनी हर फिल्म में हीरो बनकर दर्शकों के दिलों पर राज किया है लेकिन 17 साल पहले रिलीज हुई एक फिल्म में एक्टर ने विलेन बनकर भी दर्शकों का दिल जीत लिया था। यहां तक कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

**17 साल पहले विलेन बन छा गए थे आमिर**

आमिर खान की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और लोग उन्हें देखने के लिए सिनेमाघरों में खींचे चले आते हैं। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में भी आमिर खान की फिल्में हमेशा दर्शकों को प्रभावित करती रही हैं। ऐसी ही एक फिल्म थी फना, जो 2006 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दर्शकों को काजोल और आमिर खान की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री काफी पसंद आई थी। 17 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया था और जमकर नोट छापे थे। इस रोमांटिक ड्रामा को क्रिटिक्स के साथ-साथ दर्शकों ने भी खूब सराहा था। फिल्म के गाने 2006 में चार्टबस्टर पर टॉप में रहे थे। बताया जाता है कि ये फिल्म 30 करोड़ रुपये के बजट पर बनाई गई थी और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर इसने तीन गुना से भी ज्यादा यानी 103 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



# कथा-वीथिका-2023 का समापन समारोह सम्पन्न




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी में अदाकार थियेटर सोसाइटी के तत्वावधान में कथा- वीथिका - 2023 (एनुअल लिटरेरी फेस्ट) का समापन समारोह सम्पन्न हुआ आज के दिन भी बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह एवं जोश दिखाई दिया` उल्लेखनीय है कि विद्यालय 10 दिसम्बर से ही वाराणसी के ख्यातिलब्ध साहित्यिक विभूतियों एवं मुख्य ऐतिहासिक स्थलो के नजारों से सुसज्जित है प्रसिद्ध कथाकार प्रिंस राजपूत एवं निधि सहलत के साथ शुभम मिश्रा, गुनीत सिंह तथा हिम्मत सिंह ने विद्यार्थियों को इन ऐतिहासिक धरोहरों के गौरवशाली इतिहास की कहानियों के माध्यम से न केवल परिचित कराया अपितु उनमें जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को कलात्मक रूप में सृजित किया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रेरणादायी समूह गीत "कर हर मैदान फतह "की प्रस्तुति के साथ-साथ गिटार एवं सितार पर वेदांश सिंह एवं जागृति दीक्षित की जुगलबन्दी ने सात सुरों को एक सूत्र में पिरोते हुए एक अलग ही समा बांधा`आस्था के सार्वभौमिक केन्द मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के चरणों में समर्पित समूह नृत्य ह्यराम स्तुतिह्य द्वारा विद्यार्थियों ने श्री राम को नमन करते हुए पूरे वातावरण को राममय कर दिया जिससे दर्शक दीर्घा में बैठे सभी गणमान्य जन भक्ति रस से सराबोर हो उठे` एक बार पुनः इस कथा वीथिका का मुख्य आकर्शण दास्तान- गोई में आज की दास्तान ह्यसाहिबजादेह्न जीवन्त हुई यह देश एवं अपने स्वाभिमान की रक्षा हेतु समर्पण को अभिव्यक्ति करती गुरू गोविन्द सिंह के चार पुत्रों के अमर बलिदान की कथा है जिसमें उन्होंने केसरिया की रक्षा हेतु हँसते-हँसते अपने प्राणों का बलिदान कर दिया`

संस्था सचिव राहुल सिंह ने कहा कि बचपन की कहानियाँ कहीं खो गयी है आज फिर उन्हीं कहानियों से जुड़ने की आवश्यकता है जब हम उनमें संस्कार, जीवन मूल्यों एवं आदर्शों का बीज रोपित करेंगे तभी यह बगिया पुष्पित एवं पल्लवित हो सकेगी ` संस्था निदेशिका डॉ. वन्दना सिंह ने कहा कि विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय व्यर्थ न गवांकर आज फिर इन्हीं कहानियों से जुड़े एवं उन्हें आत्मसात करते हुए अपने आस-पास की समस्याओं के प्रति सजग रहकर सृजनात्मक कौशल का विकास करें इस अवसर पर संस्था के उप-निदेशक आयुष्मान सिंह भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने इस भव्य आयोजन के लिए अदाकार थियेटर सोसाइटी एवं विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य जन के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की एवं कहानी कौशल के विकास की आवश्यकता को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया` विद्यालय के हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल नैवेद्य शेखर, इफरा सानिया एवं काउन्सिल सेक्रेटरी अनुमेहा रघुवंशी के साथ वाइज हेड ब्वॉय एवं गर्ल सौभाग्य कँवर एवं भव्या सिंह ने इस पूरी कथा-वीथिका की श्रृंखला को जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम किया` कार्यक्रम का संचालन अनुमेहा रघुवंशी एवं भव्या सिंह द्वारा किया गया।

## वर्तमान व्यवस्था को बदलने के लिए मजबूत कम्युनिस्ट का निर्माण जरूरीह्न अमेरिका सिंह यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लॉक कमेटी देवकली की नंदगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा कि पूंजीवादी शासन व्यवस्था में , ब्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी,आर्थिक असमानता बढ़ना लाजिमी है। इसने,प्रतिक्रियावादि,समानतवादी,जातिवादी, अवैज्ञानिक विचारों से समझौता कर लिया है।सत्ता को कायम रखने के लिए प्रलोभनकारी कदम उठा रहा है।इसका गंभीर परिणाम आम जनता भोगाने को मजबूर है।वर्तमान व्यवस्था को बदलने के लिए मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी का निर्माण जरूरी है।जिला सचिव जनार्दन राम ने बोला कि यह सरकार विभाजनकारी नीतियों का अनुसरण कर रही है।इसके एजेंडे में किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिला की समस्या का समाधान करना नहीं है। इसलिए जानवादी, लोकतान्त्रिक, धर्मनिरपेक्ष, वामवादी मोर्चा का निर्माण जरूरी है।बैठक में ब्लॉकमंत्री बच्चेलालयादव ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिस पर रामराज बिंद, राजनाथ सिपाही, रामशुक्ला, सुरेश बिंद, वाहिद अंसारी, बसंतू राम, धर्मदेव, आदि ने सुझाव दिया।अंत में 25 जनवरी तक सद्स्यता नवीनीकरण एवं दिसम्बर माह में फंड कलेक्शन करने का निर्णय हुआ।अध्यक्षता कल्पनाथ प्रजापति ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रिद्धि सिंह राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान से हुई सम्मानित



प्रखर रामनगर वाराणसी। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पंजीकृत हिंदी विकास संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023 प्रतियोगिता में नगर के टेंगरा मोड स्थित विद्यालय दयावती मोदी एकेडमी की कक्षा 8 की छात्रा रिद्धि सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त किया । रिद्धि सिंह ने इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रिद्धि सिंह को नई दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय में राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है वही विद्यालय स्तर पर सक्षम सिंह,अनमोल मौर्या,रक्षिता सिंह,साक्षी झा,अभिज्ञान सिंह,वैष्णवी व सृजिता ने अपने कक्षा स्तर पर स्वर्ण प्रदक प्राप्त किया जबकि अयांश सागर,मौली सिंह,वाहिनी केशरी,समीक्षा व शिवम कुमार सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। आयुष सिंह,अनुराग चौहान व सौम्या को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रंजन रॉय व उप प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने बच्चो की इस सफलता का श्रेय अध्यापकों की मेहनत व अभिभावकों के समपर्ण को दिया। उन्होंने पदक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कड़ी मेहनत कर नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करने की बात कही।

### चौपाल में लाभार्थियों को चूल्हा मिलने के साथ बने राशन कार्ड




प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के अजईपुर व जमापुर ग्राम सभा में विकसित संकल्प यात्रा के पड़ाव के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकार के योजनाओ को जन जन तक पहुचाने के लिए स्टॉल के साथ एलईडी टीवी लगाई गई थी। चौपाल के दौरान चन्दा देवी व मुन्नी देवी को मौके पर उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया गया। इसके अलावा डॉ अनुपम सिंह के नेतृत्व 115 ग्रामीणों का जाँच पड़ताल कर दवा दी गई। वही दो बच्चों का अन्नप्राशन व गोद भराई की गई। आधा दर्जन लोगों के राशन कार्ड के लिए आवदेन लिए गए। इसके पूर्व सरस्वती माँ का पूजन व दीप प्रज्वलन कर प्राथमिक विद्यालय जमापुर के छात्राओ द्वारा सरस्वती बंदना व स्वागत गीत के साथ शुभारंभ हुआ। सायँ 4 बजे तक चले कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री दीपक सिंह, मण्डल अध्यक्ष मण्डल अध्यक्ष मनीष पाठक, रविशंकर मिश्रा व कार्यक्रम संयोजक प्रवीण दीक्षित , ज्वाइंट बीडीओ विजय वाजपेयी, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, मत्स्य अधिकारी श्वेता सिंह ने ग्रामीणों को सरकार योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। स्वागत ग्राम प्रधान विनोद पटेल, संचालन डॉ राजीव गौतम तथा धन्यवाद सेक्रेटरी गोविंद गिरी ने दिया। अंत मे लाभार्थियों, किसानों व मेधावी छात्रो को प्रमाण पत्र देने के साथ शपथ दिलाई गई।

### वरिष्ठ पत्रकार को मीडियाकर्मियों ने शोकसभा कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



प्रखर वाराणसी। दिवंगत पत्रकार पुरुषोत्तम सिंह को मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनपद वाराणसी के समस्त मीडियाकर्मियों साथियों ने दो मिनट का मौन शोकसभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान अपने बीच के पत्रकार रहे पुरुषोत्तम सिंह के आकस्मिक निधन से उपस्थित मीडिया कर्मियों की आँखे नम हो गई। साथियों ने कहा कि यह अपूरणीय क्षति कभी पूरी नही हो सकती। बताते चले कि दिवंगत पत्रकार पुरुषोत्तम सिंह को ब्रेन हैमरेज से बीते दिनों मौत हो गई थी। उनकी एक मात्र चार वर्ष की पुत्री है जिसको छोड़कर वह इस दुनियां से चले गए है। परिजनों का हाल बुरा है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से आरिफ अंसारी, नीरज सिंह आलोचक, संजल प्रसाद, अजीत कुमार दादा, अशोक पाण्डेय,जावेद खान, कलाम भाई, अतुल राय, सुनील जयसवाल, कन्हैया, बृजेश यादव, मनन, आशुतोष सिंह, देवेंद्र पाण्डेय, बजरंगबली तिवारी, बबलू चौरसिया, मनीष जायसवाल, मो० जाहिद, अभय मिश्र, ए पी सिंह, अनिल अस्थाना, श्रीकांत उपाध्याय, सतीश नंदा, अमल श्रीवास्तव, विनीत, मनीष उपाध्याय,सोनू सिंह,अभिनव राय,अभिषेक दुबे, राजेंद्र श्रीवास्तव पप्पू, अनिल अग्रहरि, दुर्गेश यादव,आदि पत्रकार शामिल रहें !

## तमन्चा, कारतूस, पिकप व 2 गोवंशीय सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गाजीपुर महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां व प्रभारी निरीक्षक थाना दिलदारनगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों में अंकुश लगाने हेतु टीम बनाकर सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के क्रम मे मुखबीर की सूचना पर थाना दिलदारनगर के उप निरीक्षक मुन्नू लाल मय हमराह द्वारा ताजपुरकुर्रा मोड वहद ग्राम निरहु का पुरा से अभियुक्त बनाम इबरार शाह पुत्र बिस्मिल्लाह निवासी देवैथा थाना जमानिया जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा .315 बोर व 01 अदद कारतूस.315 बोर व 01 राशि बछडा व 01 राशि गाय कुल 02 राशि गोवंश व एक अदद पिकअप बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 200/23 धारा 3/25आर्म्स एक्ट व 3/5अ/8/5बी गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक मुन्नू लाल थाना दिलदारनगर, हेड कांस्टेबल सुरेश यादव थाना दिलदारनगर, कांस्टेबल दीपक कसौधन थाना दिलदारनगर, कांस्टेबल प्रमोद यादव थाना दिलदारनगर, कांस्टेबल अच्छेलाल पाल थाना दिलदारनगर, जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## खेत में ट्रैक्टर चले जाने से दबंगों ने दो को पीटकर किया घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र में खेत में ट्रैक्टर चले जाने पर दबंगों ने दो को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और ट्रैक्टर मालिक के स्कॉर्पियो पर भी तोड़फोड़ किया ट्रैक्टर मालिक के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलार गांव निवासी राजेश यादव पुत्र मुजूर सिंह यादव के ट्रैक्टर को लेकर चालक मोनू राजभर गांव के ही एक व्यक्ति की खेत को जुताई करने के लिए गया हुआ था तभी ट्रैक्टर पास में अमित यादव की खेत से होकर चला गया इतने पर ही गुस्साए अंकित यादव और अमित यादव पुत्र राजनाथ यादव ने





ट्रैक्टर मालिक राजेश यादव और सुनील यादव को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही उनके स्कॉर्पियो पर भी पथराव किया और फरार हो गए स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ित बिरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से डाक्टर ने प्राथमिक इलाज कर दोनो घायल युवकों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया इस संबंध में बिरनो थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि खेत में ट्रैक्टर चले जाने पर यह विवाद हुआ है पीड़ित के तहरीर पर मेडिकल कराकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर आगे कार्यवाही की जा रही है।

## नलकूप चालकों ने मांगों को लेकर खोला मोर्चा अधिशासी अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नलकूप चालक तकनीकी कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश शाखा गाजीपुर के प्रांगण में अपने मांगो के समर्थन में धरना- प्रदर्शन अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम गाजीपुर पर किया गया, जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश ने कहा कि नलकूप चालकों से उनके पद के अनुरूप ही कार्य लिया जाए, साथ ही मुख्य अभियंता नलकूप वाराणसी के आदेश के क्रम में खंडीय उपखंडीय जिलेदारी एवं राजस्व अधिकारी कार्यालयों में संबंध नलकूप, चालक सीच पर्यवेक्षक को नलकूपों पर सींच पर्यवेक्षक क्षेत्र में मूल रूप से पदास्थापित करने का आदेश निर्गत किया जाए, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मुख्य सलाहकार एस0पी0गिरी ने कहा कि इनके मांगों का समय रहते निस्तारण नहीं हुआ, तो खैर नहीं होगा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारी अपने अड़ियल रवैया को समाप्त करें, और संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता कर इसका निस्तारण करें, जबकि प्रमुख सचिव का आदेश है की मान्यता प्राप्त संगठन पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों को निस्तारित किया जाए , एग्रीकल्चर मिनिस्टीरियल संगठन के अध्यक्ष मान्यता सिंह द्वारा कहा गया के अगर आपकी मांगे पूरी नहीं होती है तो जनपद का राजकीय कार्यालय बंद कराया जाएगा लैब टेक्नीशियन जिला अध्यक्ष आलोक राय द्वारा उनकी मांगों का समर्थन किया गया और विश्वास दिलाया के जब भी आवश्यकता पड़ेगी स्वास्थ विभाग को बंद कराया जाएगा




उक्त धरना में चंद्रिका सिंह यादव,अवध नारायण, अशोक कुमार, मुकेश, अरूण,चंद्रशेखर, रामविलास यादव, तालुक राज, अंगद राम, नवीन, रामनिवास, संतोष कुमार, सरोज कुमार, वीरेंद्र, रोशन लाल, संजय, मिठाई लाल, केपी, रामाश्रय राम आदि उपस्थित रहे, धरना सभा की अध्यक्षता आनंद प्रकाश एवं संचालन मिश्रीलाल कनौजिया ने किया ।

## भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा ग्राम रघुनाथपुर, गुपचुप तरीके से की गई सोशल ऑडिट

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। जिम्मेदारों की लापरवाही से सोशल ऑडिट मखौल बनकर रह गया है। सहजनवां ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में 12 दिसंबर दिन बुधवार को हुई सोशल आडिट के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। सोशल आडिट के दौरान ग्राम पंचायत की खुली बैठक की मुनादी न होने से ग्रामीणों को मनरेगा योजना सहित अन्य विकास कार्यों की जानकारी नहीं हो सकी। और बैठक में ग्राम प्रधान,ग्राम सचिव,ब्लाक आडिटर सहित सभी जिम्मेदार नदारद रहे। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य और पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट कराई जाती है। ताकि जनसामान्य में जागरूकता आ सके। परंतु सहजनवां ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने मे कारगर सिद्ध नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट के लिए टीम को तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत के अभिलेख ब्लाक मुख्यालय से मिल जाते हैं। इन अभिलेखों का मिलान खुली बैठक की तिथि से दो दिन पूर्व गांव




आकर टीम को करना होता है साथ ही इसकी मुनादी भी कराई जाती है। निर्धारित तिथि पर सोशल आडिट के दौरान गांव में खुली बैठक बुलाकर मनरेगा कार्यों व आवासों का सत्यापन किया जाता है। परंतु रघुनाथपुर गांव में सोशल आडिट के लिए मुनादी नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों को खुली बैठक की जानकारी ही नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान ने गांव में हुए विकास कार्यों की पोल खुलने के डर से ऑडिट टीम के साथ सांठगांठ कर 12दिसम्बर दिन बुधवार को पंचायत भवन में अपने चहेते कुछ लोगों को बुलाकर गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट की औपचारिकता पूरी कर ली। वहीं बातचीत में ग्रामीणो ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में काफी भ्रष्टाचार हुआ है जिस के डर से प्रधान किसी को बैठक आदि के बारे में जानकारी नहीं देना चाहती।अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में जांच की जाए तो बहुत भ्रष्टाचार उजागर हो जाएगा। इस संदर्भ में जब डीडीओ राजमणि वर्मा से बात किया गया तो उन्होंने कहा उक्त मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराई जाएगी भ्रष्टाचार में संलिप्त दोषियो के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## काशी विद्यापीठ के गंगापुर परिसर के मेधावियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### तीन गोल्ड मेडल के साथ टॉप टेन में 19 छात्र-छात्राओं ने अपना लोहा मनवाया

प्रखर वाराणसी। वर्ष 2013 से संचालित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गंगापुर परिसर का शैक्षणिक अध्याय निरंतर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर रहा है। वर्ष 2023 की 45वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय का डॉ विभूति नारायण सिंह गंगापुर परिसर ने तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर अकादमीक विशिष्टता का परिचय दिया है। विश्वविद्यालय के विभिन्नपाठ्यक्रमों के संचालन हेतु शुरू किए गए इस परिसर का संपूर्ण दायित्व यहां कार्यरत शिक्षकों के ऊपर रहा है जिनके हाथों में ग्रामीण परिवेश और नगरीय क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों के अध्ययन क्षमता का विकास और अध्यापन कौशल की उत्कृष्टता का दायित्व रहा है।

उपलब्ध सीमित संसाधनों के साथ अपने संवेदनशील ऊर्जा का परिचय देते हुए यहां के शिक्षकों ने संपूर्ण शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वे दीक्षांत समारोह 2023 में



विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतर्गत 19 विद्यार्थियों ने शीर्षस्थ दस की सूची में स्थान प्राप्त किया। स्नातक स्तर में ललित कला के जयश्री डे, वाणिज्य के विद्यार्थी सुश्री इशिका को और परास्नातक समाजशास्त्र में सुश्री अनन्या मौर्य को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। सम्पूर्णता में शीर्षस्थ सूची में, स्नातक स्तर पर वाणिज्य विषय के हर्ष कुमार पांडेय (छठा स्थान) और तरन्नुम (दशम स्थान), कला और मानविकी से वैशाली कुमारी (पांचवा स्थान) तथा ललितकला की सुश्री सपना मौर्य (8वां स्थान) प्राप्त किया वहीं स्नातकोत्तर समाजशास्त्र में कोमल श्रीवास्तव (छठा स्थान), राजनीति विज्ञान में नीलिमा विश्वकर्मा (द्वितीय स्थान) आराधना पाठक (तृतीय स्थान) और राहुल सिंह ने चतुर्थ स्थान हिंदी में दयानंद यादव ने (नौवां स्थान) तथा ललित कला में शालिनी गांगुली (तीसरा स्थान) वाणिज्य परास्नातक में आजाद अली (द्वितीय स्थान) प्रियंका साहनी (तृतीय स्थान ) प्रगति श्रीवास्तव (दशम स्थान) तथा इतिहास में मृत्युंजय पांडे (तृतीय स्थान), कुमारी आंचल मौर्य (चतुर्थ स्थान) और पूजा गुप्ता ने (पांचवा स्थान) प्राप्त कर डॉ0 विभूति नारायण सिंह गंगापुर परिसर के गौरव को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का यह द्वितीय परिसर वास्तव में महात्मा गांधी के उसे स्वप्न को साकार करता प्रतीत हो रहा है जिसमें जन-जन को शिक्षित करने का संदेश छुपा है। ऐसे में आज के विद्यार्थियों के लिए यह प्रांगण अनेक शैक्षिक अवसरों को उपलब्ध कराता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आनंद कुमार त्यागी ने यहां के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए विशेष शुभकामनाएं दी है।

## पिंडरा के तीन गांवों में चला सफाई अभियान



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के अजईपुर, जमापुर व पिंडरा में ग्राम सभा मे प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान के तहत मंगलवार को वृहद सफाई अभियान चलाया गया। एडीओ पंचायत अशोक चौबे के नेतृत्व में चले सफाई अभियान में सड़क के किनारे, तालाबों व सार्वजनिक स्थानों के धार्मिक स्थलों पर चले सफाई अभियान में प्लास्टिक को बोरियों में भरकर आरआरसी सेंटर भेजा गया। इस ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने अपील की कि कूड़ा करकट सड़क के किनारे न फेके उसे पंचायत द्वारा दिये गए बोरियों में रखे। इस दौरान ग्राम प्रधान उदयभान, ग्राम प्रधान विनोद पटेल सेक्रेटरी गोविंद गिरी के अलावा दर्जनो सफाईकर्मी रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं